


दैनिक

सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-293 | सीहोर, बुधवार 15 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# पीओके के बिना अधूरा है जम्मू-कश्मीर : राजनाथ

## -यह पाकिस्तान के लिए विदेशी जमीन, यहां आतंकी ट्रेनिंग कैंप चलाए जा रहे



श्रीनगर (ए)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीओके यानी पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया है। उन्होंने कहा कि पीओके के बिना जम्मू-कश्मीर अधूरा है। पीओके और कुछ नहीं बल्कि पाकिस्तान के लिए विदेशी जमीन है और इस जमीन का इस्तेमाल वह आतंकवाद फैलाने के लिए कर रहा है। पीओके में आतंकियों के लिए ट्रेनिंग कैंप चलाए जा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने यह बात मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के अखनूर में 9वें आर्म्ड फोर्सेज वेटरंस डे इवेंट में कही।

उन्होंने कहा कि 1965 में अखनूर में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध लड़ा गया था। भारत ने पाकिस्तानी सेना के सभी प्रयासों को विफल कर दिया था। अब तक भारत और पाकिस्तान के बीच जितने युद्ध हुए, उनमें भारत ने पाकिस्तान को हराया है। 1965 से ही पाकिस्तान ने भारत में अवैध घुसपैठ और आतंकवाद को बढ़ावा देना शुरू कर दिया था। राजनाथ ने कहा कि हमारे मुस्लिम भाइयों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। आज भी भारत में घुसने वाले 80 प्रतिशत से अधिक आतंकवादी पाकिस्तान से आते हैं। 1965 में ही सीमापार आतंकवाद खत्म हो सकता था, लेकिन तब की लाल बहादुर शास्त्री की अगुआई वाली केंद्र सरकार युद्ध में प्राप्त सामरिक लाभ को रणनीतिक लाभ में बदलने में असमर्थ रही।राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि कश्मीर और बाकी देश के बीच जो भी दूरी है, उसे खत्म किया जाए। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला इस दिशा में कदम उठा रहे हैं। अखनूर में वेटरंस डे सेलिब्रेशन से यही साबित होता है कि अखनूर की हमारे दिलों में वही जगह है, जो दिल्ली की है।कार्यक्रम में शामिल हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पूर्व सैनिकों ने देश के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। आप वही लोग हैं जिन्होंने अपने भविष्य या जीवन की चिंता किए बिना देश की सुरक्षा के लिए त्याग किया। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम आपकी सेवा करें।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'मौसम के प्रति तैयार और जलवायु के प्रति स्मार्ट' राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ 'मिशन मौसम' का शुभारंभ करते हुए।

## मकर संक्रांति पर अमित शाह पहुंचे शांति निकेतन सोसाइटी, उड़ाया पतंग

अहमदाबाद, (आरएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मंगलवार को अहमदाबाद के घाटलोढ़िया इलाके स्थित शांति निकेतन सोसाइटी पहुंचे, जहां उन्होंने संक्रांति पर्व मनाया। गुजरात में संक्रांति को उत्तरायण कहा जाता है और इस दिन लोग पतंग उड़ाते हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अपनी पत्नी के साथ शांति निकेतन सोसाइटी पहुंचे, जहां उन्होंने पतंग उड़ाया। वहीं भाजपा प्रवक्ता एग्रेश दवे ने इस संबंध में आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मकर संक्रांति के मौके पर आज गुजरात में पतंग महोत्सव में शिरकत करने आए थे। इस दौरान, उन्होंने महोत्सव में हिस्सा लिया। उन्होंने कई लोगों से बातचीत की।

## मध्य प्रदेश में मकर संक्राति पर शिप्रा-नर्मदा सहित अन्य पवित्र घाटों पर उमड़ी भीड़, श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**भगवान महाकाल को तिल के लड्डुओं का भोग लगाया गया**



भोपाल, (निप्र.)। देशभर में मंगलवार को मकर संक्रांति के पर्व पर धूम हैं। आस्था और उत्साह का त्यौहार मध्य प्रदेश में भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। हर जगह लोग अपने-अपने अंदाज में मकर संक्रांति को मना रहे हैं। मध्य प्रदेश के उज्जैन, दतिया, खंडवा और अनूपपुर सहित प्रदेश के पवित्र घाटों पर कड़ाके की ठंड में भी श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।मकर संक्रांति पर्व पर मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी और शिप्रा नदी के घाटों पर सुबह से श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। उज्जैन में स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य किया और भगवान महाकाल का आशीर्वाद भी ले रहे हैं। महाकाल मंदिर के पंडित महेश पुजारी ने बताया कि भगवान महाकाल को तिल के तेल से स्नान कराने और तिल्ली के पकवानों का भोग लगाया गया। भगवान को गुड़ और शक्कर से बने तिल के लड्डुओं का भोग लगाकर जलाधारी में भी तिल्ली अर्पित की।

# मकर संक्रांति पर 2.50 करोड़ से अधिक लोगों ने लगाई डुबकी

महाकुम्भ नगरी,(आरएनएस)। महाकुम्भ के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर मंगलवार को सुबह से दोपहर तक 13 अखाड़ों के साधु संतों ने बारी-बारी अमृत स्नान किया। मेला प्रशासन के मुताबिक, अपराह्न तीन बजे तक 2.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले सन्यासी अखाड़ों में पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी और शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने 'हर हर महादेव' के घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया।

अमृत स्नान के उपरांत महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतनगिरी जी महाराज ने कहा कि हर 12 साल में पूर्ण कुंभ प्रयागराज में होता है और 12 पूर्ण कुंभ होने पर 144 साल बाद यह महाकुंभ आता है। बहुत भाग्यशाली लोगों को महाकुंभ में स्नान का अवसर मिलता है। महानिर्वाणी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। अमृत स्नान के अगले क्रम में तपोनिधि पंचायती निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया जिसमें सबसे आगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी थे और उनके बाद अखाड़ा के झंडे और फिर आराध्य देवता कार्तिकेय स्वामी और सूर्य नारायण पालकी पर सवार थे। इनके पीछे नागा सन्यासियों की टोली थी और इन सभी के बीच निरंजनी के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि एक भव्य रथ पर सवार थे। अमृत स्नान के बाद निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि निरंजनी के 35 महामंडलेश्वरों ने और हजारों की संख्या में नागा सन्यासियों ने अमृत स्नान किया।




अखाड़ों ने किया अमृत स्नान

निरंजनी अखाड़े की साध्वी और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि घाट पर युवाओं की भीड़ यह बताती है कि युवाओं में सनातन धर्म के प्रति कितनी आस्था है। जब भी किसी ने सनातन धर्म को चुनौती दी, युवा और संत समाज ने आगे आकर धर्म की रक्षा की। निरंजनी और आनंद अखाड़े के बाद जूना अखाड़े, आवाहन अखाड़े और पंचअग्नि अखाड़े के हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। जूना के साथ ही किन्नर अखाड़े के संतों ने भी गंगा में डुबकी लगाई। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि भव्य रथ पर सवार होकर स्नान घाट पर आए और उनके साथ हजारों की संख्या में नागा सन्यासी भी थे।सन्यासी अखाड़ों के बाद तीन बैरागी अखाड़ों- पंच निर्मोही अनी अखाड़ा, पंच दिगंबर अनी अखाड़ा और पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा ने बारी बारी से स्नान किया। इनके बाद उदासीन अखाड़ों- पंचायती नया उदासीन और पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े ने स्नान किया। सबसे आखिर में पंचायती निर्मल अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है।

## भारतीय सेना में शामिल होगी तीसरी पीढ़ी की नाग मिसाइल

**4 किलोमीटर दूर टैंक को 17 से 18 सेकेंड में उड़ा देगी**

जैसलमेर (ए)। भारत ने अपनी तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल 'नाग' का सफल परीक्षण किया है।




जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में इस मिसाइल के तीन परीक्षण किए गए। इन परीक्षणों में मिसाइल ने अपने सभी टारगेट को पूरी सटीकता से नष्ट कर दिया। ये परीक्षण भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ।रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि अब यह मिसाइल भारतीय सेना में शामिल होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह मिसाइल 230 मीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार से अपने लक्ष्य पर प्रहार करती है। यानी 4 किलोमीटर दूर बैठे दुश्मन को 17 से 18 सेकेंड में नेस्तनाबूद कर देती है।ये मिसाइल 'फायर-एंड-फॉरगेट' तकनीक पर आधारित है, यानी इसे दागने के बाद दोबारा निर्देशित करने की आवश्यकता नहीं होती। नाग मिसाइल हर मौसम में काम करने में सक्षम है और यह दुश्मन के टैंक को सटीकता से नष्ट कर सकती है।

# देशभर में एचएमपीवी के 18 केस

### पुडुचेरी में एक और बच्चा पॉजिटिव

नई दिल्ली (ए)। कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के देश में कुल 18 मामले हो गए हैं। सोमवार को पुडुचेरी में एक और बच्चा पॉजिटिव आया है। इससे पहले 3 और 5 साल के दो बच्चे संक्रमित पाए गए थे। पुडुचेरी के मेडिकल सर्विस डायरेक्टर वी रविचंद्रन ने कहा- बच्चे को बुखार, खांसी जैसी शिकायतें थीं। उसे 10 जनवरी को जेआईपीएमईआर में भर्ती कराया गया था। बच्चा ठीक हो रहा है।देश में एचएमपीवी के सबसे ज्यादा 4 मामले गुजरात में हैं। महाराष्ट्र में 3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, यूपी, राजस्थान, असम और बंगाल में एक-एक केस सामने आया है।

एचएमपीवी केस बढने् पर अब राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर, गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं।



## किन्नर अखाड़े ने समाज कल्याण की कामना कर किया अमृत स्नान

**आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाड़े के सदस्यों ने किया अमृत स्नान**

महाकुम्भ नगरी (आरएनएस)। महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान के पावन अवसर पर किन्नर अखाड़ा आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना। आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाड़े के सभी सदस्यों ने दोपहर में संगम नोज पहुंचकर अमृत स्नान किया। महासंक्रांति के पर्व पर किन्नर अखाड़े ने समाज के कल्याण और उन्नति की कामना की। किन्नर अखाड़े के सदस्य हर हर महादेव का नारे लगाते हुए संगम की ओर बढ़े। बीच में छत्र के नीचे आचार्य महामंडलेश्वर चल रहे थे और उनके साथ अखाड़े के अन्य महामंडलेश्वर उपस्थित थे। इस दौरान किन्नर अखाड़े के साधु पारंपरिक शस्त्रों का प्रदर्शन कर रहे थे। तलवारें लहराते हुए और जयघोष करते हुए उन्होंने अमृत स्नान का शुभारंभ किया।

## बेंगलुरु में छह साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या, आरोपी गिरफ्तार

बेंगलुरु ,आरएनएस) । बेंगलुरु में छह साल की मासूम बच्ची की कथित तौर पर बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह घटना राममूर्ति नगर थाना क्षेत्र में सोमवार शाम करीब 7.30 बजे घटी।पीड़िता के माता-पिता निर्माण कार्य के लिए बाहर गए थे और वह घर पर अकेली थी। आरोपी ने इसका फायदा उठाया और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान बिहार निवासी अभिषेक कुमार (25) के रूप में हुई है।आरोपी अभिषेक कुमार राजमिस्त्री का काम भी करता था। उसने पीड़िता को अकेला पाया, तो वह उसे बहला-फुसलाकर घर से सुनसान जगह पर ले गया। इसके बाद उसने कथित तौर पर उसका रेप किया।




# कंबल, साड़ी बांटने और फर्जी वोट बनवाने पर एफआईआर नहीं और...

## अरविंद केजरीवाल ने आतिशी पर एफआईआर होने पर बोला हमला



नई दिल्ली,(ए)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव अब जोरों पर है और राजनैतिक पार्टियां एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रही हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सीएम आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर मंगलवार को बीजेपी और कांग्रेस पर हमला बोला। केजरीवाल ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इनके नेता खुलेआम पैसा बांटते हैं, साड़ी, कंबल, सोने की चैन बांटते हैं, फर्जी वोट बनवाते हैं, फिर भी एक एफआईआर तक दर्ज नहीं होती, लेकिन सीएम आतिशी के खिलाफ तुरंत एफआईआर हो गई।


केजरीवाल ने आगे कहा कि आप पूरे सिस्टम के खिलाफ लड़ रही है। इस सड़े गले सिस्टम को जनता के साथ मिलकर बदलना है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों उसी सड़े गले सिस्टम का हिस्सा हैं। केजरीवाल ने इससे पहले दिल्ली के बीजेपी नेता की पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी थी। केजरीवाल ने कहा था कि मैंने राहुल गांधी पर एक ही लाइन बोली और जवाब बीजेपी वाले दे रहे हैं। बीजेपी को देखिए कितनी तकलीफ हो रही है। शायद दिल्ली का ये चुनाव कांग्रेस और बीजेपी के बीच सालों से पर्दे के पीछे चल रही जुगलबंदी पर से पर्दा हटा देगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आचार संहिता उल्लंघन करने पर दिल्ली की सीएम आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। आतिशी पर सरकारी वाहन चुनाव में इस्तेमाल करने का आरोप है, इसी को लेकर गोविंद पुरी में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।

## 11 दिनों तक रखा डिजिटल अरेस्ट, कोयला कंपनी के रिटायर अफसर से ठगे 2.27 करोड़ रुपए

रांची (आरएनएस)। साइबर क्रिमिनल के एक गैंग ने रांची में रहने वाले कोयला कंपनी के एक रिटायर अफसर को 11 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर उनसे 2.27 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। जेल भेजने और सख्त एक्शन का खौफ दिखाकर उनसे यह रकम आठ अलग-अलग बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कराई गई।



इस मामले की एफआईआर सीआईडी साइबर थाना में दर्ज कराई गई है। इसके अलावा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराई गई है। सीआईडी की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि इस ठगी को अंजाम देने वाला गिरोह महाराष्ट्र का है। गिरोह ने जिन बैंक अकाउंट में रकम ली है, वे महाराष्ट्र के हैं। ठगी का शिकार हुए कोल इंडिया के रिटायर अफसर रांची के बरियातू इलाके में रहते हैं। उन्होंने एफआईआर में बताया है कि 10 दिसंबर, 2024 को उनके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम अभिराज शुक्ला बताया और अपना परिचय ट्राई (टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया) के अफसर के रूप में दिया। उनसे कहा गया कि उनके नंबर से कई लोगों को भ्रामक विज्ञापन और मेसेज ट्रांसफर किए गए हैं। भुक्तभोगी ने जब अपने नंबर से किसी तरह का मेसेज भेजे जाने से इनकार किया, तो उन्हें बताया गया कि हो सकता है कि किसी जगह पर जमा किए गए उनके दस्तावेज के आधार पर सिम कार्ड लेकर साइबर क्रिमिनल ने इस तरह की हरकत की हो। उन्हें बताया गया कि चूंकि आपके नंबर के जरिए बड़े पैमाने पर ठगी की गई है, इसलिए उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस बन रहा है।







# प्रदेश में बर्फीली हवाओं से बढ़ी ठंड, भोपाल में एक दिन में लुढ़का 5 डिग्री पारा,कल से 2 दिन बारिश

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश के मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। प्रदेश में आ रही बर्फीली हवाओं से ठंड बढ़ गई है। भोपाल के तापमान में 5 डिग्री तक गिरावट देखी गई है। यहा सोमवार-मंगलवार की रात तापमान 5.4 डिग्री दर्ज किया गया हैं। वहीं प्रदेश के 6 जिलों का तापमान 5 डिग्री से नीचे रहा। मौसम विभाग द्वार जारी अलर्ट के अनुसार कल 15 और 16 जनवरी को प्रदेश के कई जिलों में बारिश हो सकती है। मंगवार को भोपाल, ग्वालियर समेत 20 से ज्यादा जिलों में कोहरा छाया रहा है। वहीं, सिस्टम के गुजरने के बाद 17 जनवरी से ठंड का असर फिर बढ़ जाएगा।

**दो दिन बारिश के आसार**

मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि 14 जनवरी से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसका असर 15 और 16 जनवरी को प्रदेश में देखने को मिलेगा। सिस्टम जैसे ही गुजरेगा, प्रदेश में ठंड का असर फिर से बढ़ जाएगा।



**न्यूनतम तापमान वाले शहर**

| शहर | न्यूनतम तापमान | शहर | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|---|
| सिहोर | 3.2 | पचमढ़ | 4.7 |
| शाजापुर | 3.9 | शहडोल | 5.0 |
| राजगढ़ | 4.6 | छतरपुर | 5.0 |

**अगले 3 दिन तक ऐसा रहेगा प्रदेश का मौसम**

**15 जनवरी:** भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, गुना, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर, आगर-मालवा, देवास, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, नीमच, मंदसौर में हल्की बारिश हो सकती है।

**16 जनवरी:** विदिशा, सागर, दमोह, पन्ना में हल्की बारिश हो सकती है। कई जिलों कोहरा छा सकता है।

**17 जनवरी:** 17 को प्रदेश मे मौसम साफ रहेगा। कोहरे या बारिश का अलर्ट नहीं है। तापमान में गिरावट आएगी।

## समता एक्सप्रेस और जीटी एक्सप्रेस का ठहराव अब बिल्लोचपुरा स्टेशन पर

भोपाल (निप्र)। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने दो प्रमुख ट्रेनों के ठहराव में परिवर्तन किया है। अब भोपाल मंडल से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 12615/16 चेन्नई एग्मोर-नई दिल्ली जीटी एक्सप्रेस और गाड़ी संख्या 12807/08 विशाखपट्टनम-हजरत निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस का ठहराव राजा की मंडी स्टेशन के स्थान पर बिल्लोचपुरा स्टेशन पर किया जाएगा।

**यह परिवर्तन निम्न तिथियों से प्रभावी होगा**

1. 16 मार्च 2025 से ट्रेन संख्या 12807 विशाखपट्टनम-हजरत निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस बिल्लोचपुरा स्टेशन पर 15:14 बजे आएगी और 15:16 बजे प्रस्थान करेगी।
2.15 मार्च 2025 से ट्रेन संख्या 12808 हजरत निजामुद्दीन-विशाखपट्टनम समता एक्सप्रेस बिल्लोचपुरा स्टेशन पर 08:55 बजे आएगी और 08:57 बजे प्रस्थान करेगी।
3.16 मार्च 2025 से ट्रेन संख्या 12615 चेन्नई एग्मोर-नई दिल्ली जीटी एक्सप्रेस बिल्लोचपुरा स्टेशन पर 02:02 बजे आएगी और 02:04 बजे प्रस्थान करेगी।
4. 14 मार्च 2025 से ट्रेन संख्या 12616 नई दिल्ली-चेन्नई एग्मोर जीटी एक्सप्रेस बिल्लोचपुरा स्टेशन पर 18:15 बजे आएगी और 18:17 बजे प्रस्थान करेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त जानकारी के अनुसार अपनी यात्रा योजना बनाएं। रेलवे प्रशासन यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने और उनकी यात्रा को सुगम बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## नर्सिंग में प्रवेश के लिए 12वीं में हिंदी जरूरी, परीक्षा पास छात्रों को किया बाहर, दिग्विजय से मिले




भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश के नर्सिंग कॉलेज में आए दिन नए-नए कारनामे सामने आ रहे हैं। पहले कॉलेज में भ्रष्टाचार के कारण छात्रों का भविष्य खराब हुआ। अब एक और बड़ा मामला सामने आया है। दरअसल जिन छात्रों के 12वीं के कोर्स में हिंदी सब्जेक्ट नहीं था उन्हें नर्सिंग काउंसिल में एडमिशन नहीं दिया जा रहा है। उन्हें कहा जा रहा है कि कोर्स में हिंदी और इंग्लिश दोनों होना अनिवार्य है। केवल इंग्लिश नहीं चलेगा। जबकि ये छात्र नर्सिंग कोर्सों में प्रवेश लेने के लिए परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। परेशान विद्यार्थी मंगलवार को राजधानी भोपाल के सतपुड़ा भवन पहुंचे लेकिन वहां उन्हें कोई नहीं मिला जिसके बाद विद्यार्थी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बंगले पहुंचकर उनसे गुहार लगाई है। दिग्विजय ने संबंधित अधिकारी से बात की है।

**परीक्षा पास करने के बाद भी प्रवेश रद्द**

मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के निवास पर पहुंचे इन विद्यार्थियों ने कर्मचारी चयन मंडल (ESB) द्वारा आयोजित परीक्षा और प्रवेश काउंसिलिंग प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओं पर अपनी नाराजगी जाहिर की। छात्रों का आरोप है कि परिणाम घोषित होने और प्रवेश देने के बाद हजारों योग्य छात्र-छात्राओं के प्रवेश रद्द किए जा रहे हैं।

## जेपी चिकित्सालय में मिलेगी एमआरआई सुविधा

***सीजीएचएस दरों से 30 प्रतिशत से भी कम दरों पर मिलेगी जांच की सुविधा***




भोपाल (ए.)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भोपाल के जेपी चिकित्सालय में बुधवार 15 जनवरी को एमआरआई मशीन का शुभारंभ करेंगे। जयप्रकाश चिकित्सालय में 1.5 टेस्ला एमआरआई जाँच की यह सुविधा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत कृस्ना डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी। यहाँ मरीजों को सेन्ट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (सीजीएचएस) दरों से 30 प्रतिशत से भी कम दरों पर जांच की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# आने वाले दो वर्षों में दौड़ेंगी 50 अमृत भारत ट्रेन-सेट : केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

**यात्रा होगी आरामदायक, जानिए नई अमृत भारत ट्रेन की सुविधाएं**

भोपाल (निप्र)। रेल मंत्रालय द्वारा आने वाले दो वर्षों में 50 नई अमृत भारत ट्रेन-सेट तैयार करने की योजना बनाई गई है। ये ट्रेनें यात्रियों के लिए सस्ती, सुरक्षित और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी। इस पहल का उद्देश्य लंबी दूरी की यात्रा को अधिक आरामदायक बनाना है, विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए जो किफायती दरों पर उत्कृष्ट सेवाएं चाहते हैं। अमृत भारत 2.0 के तहत ट्रेनों में 12 बड़े सुधार किए गए हैं। इनमें कोचों को जोड़ने और अलग करने के लिए अर्ध-स्वचालित कपलर, त्वरित ब्रेक लगाने के लिए ईपी-सहायता प्राप्त ब्रेक प्रणाली, और शौचालयों में स्वचालित स्वच्छता नियंत्रण प्रणाली जैसे नवाचार शामिल हैं। इसके अलावा, ट्रेनें 130 किमी/घंटा की




रफ्तार से चलने में सक्षम होंगी और दोनों सिरों पर लोको इंजन के साथ पुश-पुल ऑपरेशन के लिए तैयार की जाएंगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जिनमें फोल्डेबल स्नैक टेबल, मोबाइल होल्डर, बेहतर सीटें और बर्थ, रेडियम फ्लोरिंग, और तेजस-प्रकार के गैंगवे शामिल हैं। शौचालयों में स्वचालित साबुन डिस्पेंसर, एफआरपी मॉड्यूलर डिजाइन, और एरोसोल आधारित अग्नि शमन प्रणाली जैसी सुविधाएं होंगी। प्रत्येक कोच में दो भारतीय और दो पश्चिमी शैली के शौचालय होंगे, साथ ही दिव्यांगजन के लिए विशेष शौचालय का प्रावधान भी किया गया है। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, क्रैशवर्थी कपलर, ऑन-बोर्ड कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम (ओबीसीएमएस), और आपातकालीन रोशनी जैसी तकनीकों को शामिल किया गया है। इन ट्रेनों में मोबाइल चार्जिंग सॉकेट, सार्वजनिक संबोधन प्रणाली और यात्री सूचना प्रणाली भी होगी। रेल मंत्रालय के अनुसार, ये ट्रेनें यात्रा अनुभव को नए स्तर पर ले जाएंगी और विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए लाभकारी होंगी जो किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं चाहते हैं।

## एम्स के पास से हटाए अतिक्रमण, 14 ट्रक सामान किया गया जब्त

भोपाल,(आरएनएस)। राजधानी में नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने गत दिवस गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से बनाए गए 15 छप्पर हटाए व मैकेनिकों की दो गुमठियां, दो बड़ी टंकियां, 33 ठैले सहित 14 ट्रक विभिन्न प्रकार का सामान जब्त किया। एम्स हॉस्पिटल व आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई करते हुए एम्स हॉस्पिटल के गेट नंबर दो एवं तीन के सामने व आसपास अतिक्रमण कर लगाए गए ठेले, गुमठी, टेबिल, स्टूल आदि जब्त किए गए। साथ ही 15 अवैध रूप से छप्परों को भी तोड़ा गया।

## पीडब्ल्यूडी ने नहर को दे दिया नाली का आकार, 12 फीट गहराई, हो रहे हादसे, लोग बोले-हो सुधार



भोपाल (ए.)। राजधानी भोपाल के कोलार क्षेत्र में एक नहर के मामले में दो विभाग आमने-सामने आ गए हैं। दरअसल क्षेत्र की रोड के चौड़ीकरण करने के चक्कर में जल संसाधन विभाग की नहर को पीडब्ल्यूडी ने नाली का आकार दे दिया है। इस नहर में तकनीकी रूप से भी कई गड़बड़ियां सामने आई है। नहर को रोड के बीचो-बीच बनाया गया है। इस नहर में कहीं 12 फीट गहराई तो कहीं 8 फीट और कई जगह 6 फीट रखा गया है। क्षेत्र के लोगों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यहां आए दिन घटनाएं घट रही है हाल ही में एक बच्ची गिर गई थी जिसके दोनों हाथ टूट गए थे। वहीं कई गाय और बछड़े गिरने की भी जानकारी है। अब सवाल यह उठता है कि अगर नहर को इतनी गहरी बनाना ही था तो इसको खुला क्यों छोड़ा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कुछ गड़बड़ियां पाई गई है जिसके लिए उन्होंने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा है। जल्द गड़बड़ियों में सुधार किया जाएगा।

**बच्ची के टूट गए थे कंधे**

नहर के पास दुकान चलाने वाले रीना ने बताया कि पिछले दिनों प्रियंका नगर की रहने वाली एक बच्ची रोड क्रॉस करते समय नहर में गिर गई थी और उसके दोनों कंधे टूट गए थे। उन्होंने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है पहले भी इसमें कई गाय और बछड़े गिर चुके हैं। उन्होंने कहा है कि इस तरह की घटना को रोकने के लिए इसमें स्लैब डालना बहुत जरूरी है। वहीं आदम सिंह राजपूत ने बताया कि आए दिन घटनाएं घटती हैं।

यहां पर आने वाले अधिकारियों से हम लोग कई बार आग्रह कर चुके हैं कि इसको बंद कर दीजिए ताकि यहां बच्चे बुजुर्ग और जानवर सभी सुरक्षित रहें। उन्होंने बताया कि 1 साल से यह खुला पड़ा है और लगातार घटनाएं घट रही हैं लेकिन कोई देखने सुनने वाला नहीं है। मौके पर मौजूद राहुल ने बताया कि गाय बछड़े के साथ एक्सीडेंट होता है तो गाड़ियां भी इसमें गिर जाती हैं। पिछले दिनों एक गाड़ी गिर गई थी जिसके बाद में उसे निकल गया। राहुल ने कहा कि इसको जल्द से जल्द बंद करना चाहिए नहीं तो कोई बड़ी घटना भी हो सकती है। जिसमें किसी की जान जा सकती है।

**बगैर देखे कर दिया पेमेंट**

नहर का काम पीडब्ल्यूडी ने किया है पीडब्ल्यूडी ने जिस ठेकेदार को इस नहर का काम दिया था जानकारी के अनुसार जल संसाधन विभाग ने दो करोड़ के आसपास पेमेंट भी कर दिया है बाकी का पेमेंट होना बाकी है। अब बड़ा सवाल यह है कि जब नहर में गड़बड़ी पाई गई और पीडब्ल्यूडी को जल संसाधन विभाग को लेटर लिख रहा है। वहीं दूसरी तरफ पेमेंट कैसे कर दिया गया। हालांकि इस पर विभाग के अधिकारियों का कोई जवाब नहीं मिला है। अब देखना होगा कि आगे का पेमेंट होता है या पेंमेट रोक कर सुधार कार्य करवाया जाएगा।

**जो गड़बड़ी हुई है उसके लिए पीडब्ल्यूडी को लिखा है पत्र**

नहर का काम पीडब्ल्यूडी ने किया है मेरे हिसाब से तो ठीक है बाकी जो गड़बड़ी होगी उसकी जांच करवा लेंगे। जो गड़बड़ी पाई गई थी उसके लिए हमने पीडब्ल्यूडी को लेटर लिखा है। हमारी नहर है हम चाहते हैं कि अच्छे से बने ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना, इसके आगे भी काम होना है आगे किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसका हम ख्याल रखेंगे। नितिन कुइकर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर जल संसाधन विभाग।

## भोपाल नगर निगम की अपर आयुक्त निधि सिंह को हटाया, आईएएस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश किया गया था




भोपाल (ए.)। भोपाल नगर निगम (बीएमसी) की अपर आयुक्त निधि सिंह को राज्य सरकार ने ग्वालियर में जॉइंट कमिश्नर के पद पर तबादला कर दिया है। 2019 बैच की IAS अधिकारी निधि सिंह को अब ग्वालियर भू अभिलेख एवं बंदोबस्त में संयुक्त आयुक्त बनाया गया है। यह निर्णय एक माह पहले भोपाल नगर निगम परिषद की बैठक में पारित निंदा प्रस्ताव के बाद लिया गया। नगर निगम परिषद की बैठक 13 दिसंबर को आयोजित की गई थी, जिसमें अपर आयुक्त निधि सिंह के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया गया। बैठक में विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ने उनके कामकाजी तरीके पर आपत्ति जताई थी। आईएएस निधि सिंह पर आरोप थे कि वे काम में लापरवाही बरत रही थीं, जनप्रतिनिधियों की बातों को नजरअंदाज कर रही थीं, मोबाइल कॉल का जवाब नहीं देती थीं और फाइलें लटकाए रखती थीं। इन समस्याओं के चलते परिषद ने उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। अब सरकार ने उनका ट्रांसफर कर दिया है।




उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय में पत्रकारिता एवं जनसंपर्क के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया।

# संक्षिप्त समाचार

## भोपाल के दोनों जिलाध्यक्ष बदले, मऊगंज, मैहर, छतरपुर में जिलाध्यक्षों सहित नौ को फिर मिला मौका

भोपाल, (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में भाजपा जिलाध्यक्षों को लेकर नेताओं के बीच चल रही रार के बीच सोमवार को 18 जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान कर दिया गया। इनमें से कुछ जिलों में मौजूदा जिलाध्यक्षों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के विरोध के बाद भी दूसरी बार संगठन की कमान सौंपी गई है। भोपाल जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी को भी दूसरा कार्यकाल नहीं मिल सका है। गौरतलब है कि रविवार को प्रदेश भाजपा ने अपने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन के जिलाध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र विदिशा के जिलाध्यक्ष के नामों का ऐलान कर दिया था। सोमवार को पार्टी ने 18 दूसरे जिलों के अध्यक्षों के चेहरे साफकर दिए। सबसे अहम निर्वाचन मुख्यालय भोपाल का रहा है। जहां दूसरी बार अध्यक्ष बनने की दौड़ में रहे सुमित पचौरी की जगह जिला महामंत्री रविन्द्र यति को भोपाल नगर की कमान सौंपी गई थी। सुमित के बारे में कहा जा रहा था कि वे प्रदेशाध्यक्ष की गुड बुक में शामिल हैं और उनके कार्यकाल के दौरान भोपाल में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन चार साल के कार्यकाल के क्राइटेरिया ने उन्हें इस पद की दौड़ से बाहर कर दिया।

## मंत्री से नाराज तहसीलदार 15 तक नहीं करेंगे काम

भोपाल,(आरएनएस)। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा महिला तहसीलदार को लेकर की गई टिप्पणी के चलते भोपाल सहित पूरे प्रदशे के एक हजार से अधिक तहसीलदार 13 से 15 जनवरी तक सामूहिक हड़ताल पर हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे 12 तहसीलदारों ने कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह को सामूहिक अवकाश को लेकर आवेदन दिया। बता दें कि मप्र राजस्व अधिकारी (कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा) संघ के नेतृत्व में आंदोलन के तहत 13 से 15 जनवरी तक पूरे प्रदेश के तहसीलदार अवकाश पर रहेंगे। ज्ञापन सौंपने के पूर्व हुजूर तहसील परिसर में सभी तहसीलदारों ने सामूहिक बैठक की और अवकाश पर जाने का निर्णय लिया। इसके बाद हर सोमवार को कलेक्ट्रेट में होने वाली टीएल बैठक में भी सभी तहसीलदार शामिल हुए और बैठक के बाद कलेक्टर को अवकाश के लिए ज्ञापन दिया।

## सौ दिन से ज्यादा पुरानी शिकायतों को तत्काल निपटाएं : कमिश्नर

भोपाल,(आरएनएस)। संभागायुक्त संजीव सिंह ने समाधान ऑनलाइन, सीएम हेल्पलाइन पर 100 दिवस से लंबित शिकायतों का शीघ्र संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। सोमवार को संभाग के जिलों की टाइम लिमिट बैठक में उन्होंने किसानों को फसल कटाई के बाद पराली न जलाने के लिए जागरुक करने एवं उससे होने वाली दुष्परिणामों से अवगत कराते हेतु निर्देशित किया। सिंह ने भारत सरकार द्वारा 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन निक्षय अभियान के लिए भोपाल संभाग अंतर्गत सीहोर एवं विदिशा जिलों द्वारा किए गए स्क्रीनिंग की प्रगति जानी एवं 100 दिवसीय इस अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। सिंह ने राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम की समीक्षा की एवं स्कूलों में आयोजित होने वाले शिविरों की समीक्षा की।

## उपभोक्ता संरक्षण के पुरस्कारों के लिए मंगाए गए आवेदन

भोपाल, (आरएनएस)। विश्व उपभोक्ता दिवस 15 मार्च के लिए राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की जा रही हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार ने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था, व्यक्तियों को एक जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर, 2024 के दौरान प्रत्येक माह की गई गतिविधियों का सप्रमाण विस्तृत विवरण सहित आवेदन जिला कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा भोपाल में 23 जनवरी तक प्रस्तुत करने होंगे। देरी से प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन में उपभोक्ताओं की समस्या एवं शिकायतों के प्रतितोषण, प्रश्न-मंच एवं प्रदर्शनियों का आयोजन, संगोष्ठियों/उपभोक्ता मेला, नुक्कड़ नाटक, ग्रामीण क्षेत्र में विशेष रूप से जागरुकता के लिए प्रयास करना, उपभोक्ता हित से संबंधित विषय तथा संसाि का पंजीयन प्रमाण-पत्र देना होगा।

## बीना से प्रयागराज छिक्की के लिए महाकुंभ मेला ट्रेन शुरु

भोपाल,(आरएनएस)। रेल प्रशासन ने महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की मांग और आस्था को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 01817-01818 खजुराहो-प्रयागराज छिक्की महाकुंभ मेला स्पेशल अनारक्षित गाड़ी संख्या 1817 बीना-प्रयागराज छिक्की महाकुंभ मेला अनारक्षित विशेष ट्रेन 13 से 16 जनवरी तक, 28 जनवरी से पांच फरवरी तक, 11 फरवरी से 14 फरवरी तक और 25 फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित होगी। बीना स्टेशन से यह गाड़ी 11:00 बजे प्रस्थान करेगी।

## कलेक्टर ने पांच टीबी मरीजों को गोद लिया, पोषण फूड बास्केट भी सौंपी

भोपाल(आरएनएस)। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने निक्षय मित्र के रूप में पाँच टीबी मरीजों की पोषण आहार सहायता की जिम्मेदारी ली। उन्होंने गत दिवस एक बैठक के दौरान सांकेतिक रूप से एक मरीज को पोषण फूड बास्केट दी। इसमें छह माह की उपचार अवधि तक प्रतिमाह फूड बास्केट उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके तहत बास्केट में हाई प्रोटीन डाइट उपलब्ध करवाई जाती है। इसमें प्रतिमाह तीन-तीन किलो आटा और तुअर दाल के अलावा एक लीटर मूंगफली तेल, एक-एक किलो गुड़ मूंगफली चिक्की और रोस्टेड चना शामिल हैं।

## लोकायुक्त के सामने जल्द समर्पण कर सकता है सौरभ

भोपाल,(आरएनएस)। तीन जांच एजेंसियों का मोस्ट वांटेड पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा जल्द ही लोकायुक्त पुलिस के सामने समर्पण कर सकता है। पुलिस कई दिन से उसकी तलाश कर रही है। 18 दिसम्बर को सौरभ के भोपाल में ई-सात स्थित आवास पर लोकायुक्त पुलिस ने छापा मारा था। तब सौरभ के स्वजन ने पुलिस के अधिकारियों को बताया था कि वह सपरिवार दुबई गया है। पुलिस ने सौरभ व उसकी पत्नी दिव्या शर्मा सहित पांच लोगों को पूछताछ के लिए सम्मन जारी किया था।

# मकर संक्रांति पर पशुपतिनाथ मंदिर का गर्भगृह में पतंगों से सजाया, भोग लगाया, सैकड़ों भक्त जुटे

मंदसौर (ए.)। मकर संक्रांति पर्व पर मंदसौर के भगवान पशुपतिनाथ महादेव का पतंगों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। भोग आरती के दौरान भगवान पशुपतिनाथ को खिचड़े और तिल्ली के लड्डुओं का भोग लगाया गया। भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।

मकर संक्रांति का पर्व मंगलवार को जिलेभर में उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह लोगों ने गोवंश को हरी घास खिलाकर पुण्य अर्जित किया। इसके साथ ही जरूरतमंदों को तिल, गुड़, कपड़े आदि दान किए गए। कई स्थानों पर दरिद्र नारायण को भोजन भी कराया गया। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मकर संक्रांति पर्व पर युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह रहा। घरों की छतों पर युवाओं ने डीजे सिस्टम लगाकर थिरकते हुए पतंगबाजी का आनंद लिया। वहीं, मैदानों में गिल्लियां उछलीं। सभी मैदान युवाओं से भरे पड़े थे, जहां युवा गिल्ली-डंडे के खेल का आनंद ले रहे थे।




कॉलोनियों और मोहल्लों में भी महिलाओं और युवतियों ने गिल्ली-डंडा खेला।

मंगलवार सुबह मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तजन पहुंचे। इसके साथ गोशाला, गांधी चौराहा, महाराणा प्रताप बस स्टैंड, नयापुरा रोड आदि क्षेत्रों में गोवंश को हरी घास खिलाई गई। मकर संक्रांति पर्व बुधवार को भी मनाया जाएगा। इसी को लेकर पतंग और गिल्ली-डंडा के बाजार में मकर सक्रांति पर्व की रौनक बनी रही। शहर के कॉलेज मैदान, कालाखेत, उत्कृष्ट स्कूल मैदान में गिल्ली-डंडा खेलने वाले युवाओं की भीड़ रही। इसके साथ ही कॉलोनियों और मोहल्लों में महिलाओं और युवतियों ने भी गिल्ली-डंडा खेलकर मकर संक्रांति पर्व उत्साहपूर्वक मनाया। मकर संक्रांति पर्व पर पशुपतिनाथ मंदिर के पास दरिद्रों को दान-पुण्य किया गया।

**पशुपतिनाथ मंदिर में पतंगों से सजावट, खिचड़े और तिल्ली के लड्डुओं का भोग**

मकर संक्रांति पर्व पर भगवान पशुपतिनाथ महादेव मंदिर गर्भगृह में पतंगों से सजावट की गई। भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर भगवान को खिचड़ा और तिल्ली के लड्डुओं की प्रसादी का भोग लगाया गया। भोग आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। भगवान पशुपतिनाथ के पतंग श्रृंगार के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही।



## जीतू यादव केसः मौन खड़े थे टीआई, भाजपा पार्षद के बेटे को नंगा करके पीटा, वीडियो भी वायरल किए

इंदौर (ए.)। भाजपा पार्षद कमलेश कालरा के घर 4 जनवरी को दोपहर 1:30 बजे हमला हुआ। इस दौरान जूनी इंदौर थाना प्रभारी अनिल गुप्ता घटनास्थल पर ही मौजूद थे। हमला करने वाले आरोपियों ने गुप्ता के सामने ही कालरा के घर से बाहर निकलकर गाड़ी में बैठकर फरार हो गए, लेकिन गुप्ता ने न तो उन्हें रोका और न ही कोई कार्रवाई की। वहीं, एक भाजपा नेत्री द्वारा हमलावरों को कालरा का घर बताने की खबर पर उन्होंने यह कहकर बचाव किया कि वे गमी से लौट रही थीं और हंगामा देखकर रुकी थीं। गौरतलब है कि कमलेश कालरा के घर में घुसकर भाजपा पार्षद जीतू यादव के गुंडों ने मारपीट की थी। कमलेश के बेटे को नंगा करके पीटा गया था और बाद में वीडियो भी वायरल कर दिए गए थे। मामला पीएम मोदी तक पहुंचा और फिर पुलिस ने 9 गुंडों को गिरफ्तार किया।

**जीतू की तलाश जारी**

पार्षद कालरा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हमले के पीछे मुख्य साजिशकर्ता माने जा रहे पूर्व एमआईसी सदस्य जीतू यादव की खोज जारी है। पुलिस ने आरोपियों के घर दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब तक 22 पहचाने गए आरोपियों में से 9 गिरफ्तार हो चुके हैं और शेष की तलाश जारी है।

**टीआई बोले मैं अकेला था**

इस मामले में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि जिस वक्त कालरा के खातीवाला टैंक स्थित घर यादव समर्थकों ने हमला किया, उस समय जूनी इंदौर थाना प्रभारी अनिल गुप्ता सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि कालरा के घर हमला हुआ है, लेकिन गुप्ता ने न तो पुलिस फोर्स बुलवाया और न ही किसी तरह की कार्रवाई की।

**फोर्स क्यों नहीं बुलाई**

डीसीपी ऋषिकेश मीणा ने कहा कि गुप्ता उस वक्त अकेले थे और उनके पास पुलिस फोर्स नहीं था, इसलिए वे कार्रवाई नहीं कर सके। हालांकि, इस सवाल का जवाब नहीं दिया गया कि गुप्ता ने अतिरिक्त पुलिस फोर्स क्यों नहीं बुलवाया। वहीं, भाजपा नेत्री सरिता बहरानी का नाम भी हमलावरों को कालरा का घर बताने में सामने आया है। बहरानी ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि वे गमी से लौटते वक्त हंगामा देखकर रुकी थीं और किसी हमलावर से बात नहीं की।

## महिला की गोली मारकर हत्या करने वाले सिक्योरिटी गार्ड को उम्रकैद, घर से बाहर बुलाकर मारी गोली



जबलपुर (ए.)। जबलपुर जिला न्यायालय ने महिला की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी सिक्योरिटी गार्ड को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और सौ रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी की अदालत ने यह फैसला सुनाया।

मूल रूप से दमोह जिले के तेजगढ़ खुर्द निवासी 30 वर्षीय रामकृष्ण लोधी गढ़ा कोष्टा मोहल्ला में सरस्वती बाई चौबे के मकान में किरायेदार था और सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। 15 मई 2023 को रामकृष्ण अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर सरस्वती बाई के घर पहुंचा। बातचीत के बहाने उसने महिला को घर से बाहर बुलाया। विवाद के बाद उसने अपनी बंदूक से सरस्वती बाई को गोली मार दी और फरार हो गया।

महिला को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गढ़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**न्यायालय का फैसला**

अभियोजन पक्ष ने एजीपी अनिल तिवारी की पैरवी में कोर्ट में गवाहों और साक्ष्यों को प्रस्तुत किया। इन आधारों पर न्यायालय ने आरोपी को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और सौ रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

## रफ्तार के कहर ने ली दो लोगों की जान, अंधगति से दौड़ रही कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

सागर (ए.)। सागर जिले में तेज रफ्तार वाहनों से हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बीना रोड पर सोमवार शाम हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की जान चली गई। जरूवाखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र के नया खेड़ा मुहाल निवासी सत्यनारायण बहरोलिया (48) और अरुण यादव (38) तेरहवीं में शामिल होने पाली गांव गए थे। लौटते समय पाली तिराहे के पास सागर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही क्रेटा कार (स्क्र15 ॑॥ 3159) ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। कार में कितने लोग सवार थे, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। हादसे की खबर से जरूवाखेड़ा कस्बे में शोक छा गया।

## मकर संक्रांति के दिन लोगों को लगी ठिठुरन, 7 डिग्री तक पहुंचा तापमान, स्कूलों का समय बदला



उमरिया (ए.)। उमरिया जिले में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। सुबह से लोगों को सूर्य भगवान के दर्शन तक नहीं हुए हैं। श्रद्धालु सुबह से ही सोन नदी सहित आसपास की विभिन्न नदियों में स्नान करने के लिए जा रहे हैं।

उमरिया जिले का मंगलवार सुबह का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा है। इसके बाद लोगों को ठिठुरन का एहसास साफ तौर पर देखा जा रहा है। ठंड से बचने के लिए लोगों ने अब आग का सहारा लेना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं बल्कि मौसम विभाग ने ठंड से बचने की लोगों को सलाह भी दी है।

**पांच दिन में सबसे ज्यादा ठंड रही आज**

बात करें पिछले 5 दिनों की तो पिछले 5 दिनों में सबसे ज्यादा ठंड का दिन आज ही रहा है। सुबह 9 बजे का तापमान आज मंगलवार के दिन 7 डिग्री का रहा। वहीं सोमवार के दिन यह तापमान 8 डिग्री का था।

मंगलवार 7 डिग्री
सोमवार 8 डिग्री
रविवार 8 डिग्री
शनिवार 10 डिग्री
शुक्रवार 12 डिग्री

मौसम के इस बदलते परिवेश को देखते हुए कलेक्टर ने स्कूल का समय परिवर्तित कर दिया है और छोटे बच्चों को स्कूल में जाने के लिए 9.00 बजे का समय निर्धारित कर दिया।

## शादी के लिए किराए पर मंदिर देने से यादव समाज खफा, मंदिर का किया शुद्धिकरण



इंदौर (ए.)। इंदौर के प्राचीन गोपाल मंदिर में शादी समारोह को लेकर यादव समाज ने भी आपत्ति दर्ज कराई है। मंगलवार को समाज से जुड़े पदाधिकारी ने मंदिर पहुंचकर उसे गंगाजल से धो कर शुद्धिकरण किया। समाज ने मामले के दोषियों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग भी की है।

यादव समाज के लोग पहले राजवाड़ा पर एकत्र हुए। यहां पहले उन्होंने देवी अहिल्या की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाए। फिर जय माधव, जय यादव के घोष के साथ मंदिर के सामने पहुंचे। उनके साथ मंदिर को शुद्ध करने के लिए पंडित भी आए थे।

समाज से जुड़े राकेश सिंह ने मंदिर की सफाई की और फिर मंत्रोच्चार के साथ पंडितों ने मंदिर का शुद्धिकरण किया। यादव का कहना था कि पहली बार मंदिर को शादी के लिए किराए पर देने के मामला सामने आया है। यह काम अफसरों के इशारे पर हुआ या इसके पीछे अन्य लोग है। इसकी जांच होना चाहिए।

पदाधिकारियों ने कहा कि मंदिर किराए पर देकर समाज की आस्था को ठेस पहुंचाई गई है। दोषियों के खिलाफ एक्शन लिया जाना चाहिए। आपको बता दे कि गोपाल मंदिर में तीन दिन पहले एक विवाह समारोह आयोजित किया गया। मंदिर परिसर में ही मेहमानों को भोजन परोसा गया और वहां काफी गंदगी भी फैली।

**191 साल पुराना है मंदिर**

गोपाल मंदिर की गिनती प्राचीन मंदिरों में होती है। होलकरशासन काल में निर्माण हुआ था। मंदिर का ढांचा तो व्यवस्थित था, लेकिन परिसर की दूसरे हिस्से टूट चुके थे। पांच साल पहले नगर निगम ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत मंदिर की जीर्णोद्धार किया था। इस पर 15 करोड़ रुपये खर्च किए गए। मंदिर को मूल स्वरुप में लाने के लिए निर्माण की पुरानी पद्धति अपनाई गई। चूने, गुड़, मैथी दाने के मिश्रण से दीवारों का प्लास्टर किया गया और पुरानी लकड़ा का इस्तेमाल मंदिर के निर्माण में किया गया था।

**पहले भी हो चुकी है पार्टी**

गोपाल मंदिर में पिछले साल प्रवासी भारतियों को मंदिर परिसर में भोजन कराया। कांग्रेस नेता पिंटू जोशी ने कहा कि मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने इंदौर में एनआरआई सम्मेलन कराया था। तब भी मंदिर परिसर में पिकनिक जैसा माहौल था। अब आम आदमी ने यह विवाह किया तो इतना हंगामा मचा है, लेकिन नगर निगम ने खुद यहां सालभर पहले भोज दिया था।

## नशीली दवाओं के सौदागरों को पंद्रह-पंद्रह साल की सजा, दो-दो लाख का जुर्माना भी लगाया



जबलपुर (ए.)। जबलपुर में नशीले इंजेक्शनों के अवैध कारोबार में लिप्त तीन आरोपियों को अदालत ने दोषी ठहराते हुए सख्त सजा सुनाई है। विशेष एनडीपीएस न्यायाधीश शशि भूषण शर्मा की अदालत ने एसएन फार्मा के संचालक नीरज परियानी और उसके सहयोगी राजू उर्फ राकेश विश्वकर्मा व शाहनवाज खान को 15-15 साल की कठोर कारावास और दो-दो लाख रुपये जुर्माने से दंडित किया।

**मामले की शुरुआत**

अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने अदालत को बताया कि 28 जुलाई 2023 को कोतवाली पुलिस ने गोपाल बाग तलैया के पास मुखबिर की सूचना पर छापा मारा। इस दौरान घमापुर लालमाटी निवासी 20 वर्षीय राजू उर्फ राकेश को हिरासत में लिया गया। तलाशी में उसके पास से प्रतिबंधित नशीली दवाइयां व इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि एसएन फार्मा के संचालक नीरज परियानी उसे ये इंजेक्शन बेचने के लिए देता था और इसके बदले हर माह 30,000 भुगतान करता था।

**गोदाम से भारी मात्रा में बरामदगी**

नीरज परियानी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर आनंद नगर स्थित किराए के मकान में छापा मारा। यहां से बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन, जिनमें पकवैल, ब्यूपिन, ब्यूप्रेनोफिन शामिल थे, बरामद किए गए। इस कार्रवाई में तीसरे आरोपी शाहनवाज खान को भी हिरासत में लिया गया।

**सजा और कार्रवाई**

अदालत ने सुनवाई के दौरान पेश किए गए साक्ष्यों और बरामद सामग्रियों के आधार पर तीनों आरोपियों को दोषी ठहराया। इन्हें 15 साल के कठोर कारावास के साथ 2 लाख का जुर्माना भरने का आदेश दिया गया। पुलिस की यह कार्रवाई नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर सख्त संदेश देने वाली मानी जा रही है।

### व्यापार समाचार

## चार दिन की गिरावट के बाद संभला बाजार; सेंसेक्स 170 अंक मजबूत हुआ, निफ्टी 23200 के करीब

नई दिल्ली (ए.)। घरेलू शेयर बाजार में पिछले चार दिनों की गिरावट के बाद मंगलवार को बढ़त दिखी और प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 169.62 अंक या 0.22 प्रतिशत बढ़कर 76,499.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 505.6 अंक या 0.66 प्रतिशत बढ़कर 76,835.61 अंक पर पहुंचा। एनएसई निफ्टी 90.10 अंक या 0.39 प्रतिशत चढ़कर 23,176.05 पर पहुंच गया।

**बीएसई सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल**

खुदरा महंगाई दर दर में कमी और वैश्विक बाजार में तेजी के बाद संभले सेंसेक्स-निफ्टी

खुदरा महंगाई दर में कमी और वैश्विक बाजारों में तेजी




के कारण चार दिनों की तीव्र गिरावट के बाद मंगलवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल आया। व्यापारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण सूचकांक पर दबाव पड़ा और लाभ सीमित हो गया। पिछले चार कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 1,869.1 अंक या 2.39 प्रतिशत गिरा है।

30 शेयरों वाले ब्लू-चिप पैक में से, अदाणी पोर्ट्स ने 5 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। एनटीपीसी, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, जोमैटो, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक और मारुति अन्य बड़े लाभ में रहे।

30 शेयरों वाले स्टॉक पैक में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट अन्य पिछड़े हुए शेयर रहे।

## खुदरा महंगाई में लगातार दूसरे माह गिरावट, ब्याज दर घटने की उम्मीद बढ़ी; मटर ने छुआ आसमान

नई दिल्ली (ए.)। सब्जियों और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतें कम होने से खुदरा महंगाई दिसंबर, 2024 में लगातार दूसरे महीने घटी है। सितंबर में खुदरा महंगाई 5.49 फीसदी रही थी, जो अक्तूबर में बढ़कर 6.21 फीसदी पर पहुंच गई। इसके बाद नवंबर में यह घटकर 5.48 फीसदी एवं दिसंबर में और कम होकर 5.22 फीसदी रह गई। खुदरा महंगाई में नरमी से आरबीआई फरवरी की शुरुआत में होने वाली अगली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में ब्याज दरों में कटौती पर विचार कर सकता है। रेपो दर करीब दो साल से 6.50 फीसदी पर स्थिर बनी हुई है।



**सब्जियों समेत ये उत्पाद सस्ते**

| वस्तुएं | नवंबर (%) | दिसंबर (%) |
|---|---|---|
| सब्जियां | 29.33% | 26.56% |
| अनाज | 6.88% | 6.51% |
| दूध | 2.85% | 2.80% |
| दाल | 5.41% | 3.83% |
| चीनी | 1.31% | 0.31% |
| फूड-बेवरेजेज | 8.20% | 7.69% |
| कपड़ा-फुटवियर | 2.75% | 2.74% |
| हाउसिंग | 2.87% | 2.71% |
| पर्सनल केयर | 10.42% | 9.70% |

**गांवों और शहरों में घटी दर**

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक, पिछले माह गांवों और शहरों में खुदरा महंगाई घटी है। ग्रामीण महंगाई घटकर 5.76 फीसदी रह गई, जो नवंबर 5.95 फीसदी रही थी। शहरी महंगाई 4.89 फीसदी से कम होकर 4.58 फीसदी रह गई।

## सोने की कीमत में तेजी, जब कि चांदी में गिरावट

### - सोना 78,270 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 90,342 रुपए प्रति किलोग्राम



नई दिल्ली (ए.)। मकर सक्रांति के दिन सोमवार को सोने की कीमत में तेजी देखी जा रही है जबकि चांदी में 0.19 फीसदी की गिरावट है। एमसीएक्स पर सोना 0.13 फीसदी बढ़त के साथ 78,270 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 90,342 रुपए प्रति किलोग्राम है। बीते साल सोने का भाव 20.22 फीसदी बढ़ा। वहीं चांदी की कीमत में 17.19 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। 1 जनवरी 2024 को सोना 76,583 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,948 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं इस दौरान एक किलो चांदी की कीमत 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी एचयूआईडी कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- एजेड 4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

## शेयर बाजार में गिरावट के साथ अडानी को 5.06 अरब डॉलर की संपत्ति का नुकसान

### दुनिया के अमीरों की सूची में 22वें स्थान पर पहुंचे, एलन मस्क टॉप पर



नई दिल्ली,(ए.)। देश के तीसरे बड़े औद्योगिक घराने अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के लिए सोमवार का दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहा। शेयर बाजार में भारी गिरावट का असर अडानी ग्रुप के शेयरों पर भी पड़ा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबक सोमवार को गौतम अडानी की संपत्ति में 5.06 अरब डॉलर यानी करीब 4,37,71 करोड़ रुपए की भारी गिरावट दर्ज की गई। अडानी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इसके चलते वह दुनिया के अमीरों की सूची में नीचे गिरकर 22वें स्थान पर पहुंच गए। इस साल अब तक उनकी संपत्ति में 12.7 अरब डॉलर की गिरावट आई है। दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से केवल चार की नेटवर्थ में तेजी आई। एलन मस्क 432 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ टॉप पर अपनी जगह बनाए हुए हैं। सोमवार को उनकी नेटवर्थ में 6.17 अरब डॉलर की तेजी आई। जेफ बेजोस 238 अरब डॉलर के साथ दूसरे, मार्क जकरबर्ग 215 अरब डॉलर के साथ तीसरे, लैरी एलिसन 181 अरब डॉलर चौथे और बर्नार्ड अरनॉल्ट 176 अरब डॉलर के साथ पांचवें नंबर पर बने हुए हैं।

## कच्चा तेल 80 डॉलर के पार, पेट्रोल-डीजल स्थिर

नई दिल्ली (ए.)। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। इसी आधार पर देशभर में पेट्रोल-डीजल की कीमत तय की जाती है। हालांकि लंबे समय से राष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल देखने को नहीं मिला है। हालांकि, राज्य स्तर पर कीमतों में मामूली बदलाव देखा गया है। वैश्विक बाजार में कच्चा तेल 80 डॉलर के पार है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## वित्तीय स्थितियां अस्थिर

रोजगार के घटते अवसरों एवं अर्थव्यवस्था की धीमी होती रफ्तार ने कुल मिलाकर ऋण-ग्रस्तता की स्थिति को संगीन बना दिया है। इसके बीच निजी ऋणों की वापसी की स्थितियां प्रतिकूल हो गई हैं। आरबीआई की रिपोर्ट से भी इसके संकेत मिले हैं।भारतीय रिजर्व बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट मौजूद वित्तीय अस्थिरताओं के संकेत देती है। इस रिपोर्ट के साथ ही एक अंग्रेजी अखबार में आरटीआई के जरिए हासिल छपे आंकड़ों को देखें, तो यह संकेत ठोस रूप में मौजूद दिखने लगता है। आरबीआई के मुताबिक कुल कर्ज में सितंबर 2024 तक नॉन परफॉर्मिंग ऋण (एनपीए) का अनुपात सिर्फ 2.6 फीसदी था, लेकिन मार्च 2026 तक इसके तीन प्रतिशत तक पहुंच जाने का अंदेशा है। बहरहाल, रिजर्व बैंक के एनपीए में माफ कर्जों को शामिल नहीं किया जाता है। गुजरे वर्षों में कॉरपोरेट्स के लिए ऋण माफी में भारी बढ़ोतरी हुई है।इस तरह एनपीए का बहुत बड़ा हिस्सा इस श्रेणी से हट गया है। खुद आरबीआई की रिपोर्ट में ऋण माफी में तीव्र वृद्धि पर चिंता जताई गई है। फिर रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आर्थिक स्थितियां अनुमान से ज्यादा बिगड़ीं, तो एनपीए का अनुपात बढ़ कर 5 से 5.3 प्रतिशत तक जा सकता है। रिजर्व बैंक शिक्षा, मकान जैसे निजी ऋणों को ना चुकाने के मामलों में वृद्धि को लेकर भी चिंतित है। आम लोगों की घरेलू वित्तीय स्थिति के लगातार बिगडने के कारण ऐसे कर्जों पर डिफॉल्ट की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। आरटीआई से सामने आई सूचना के मुताबिक गोल्ड लोन पर डिफॉल्ट करने के मामले जून 2024 तक 30 प्रतिशत तक जा चुके थे। इस तरह बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से स्वर्ण गिरवी रख कर लिए गए कर्जों में 6,696 करोड़ रुपये समय पर नहीं चुकाए गए थे।एक साल पहले ऐसे मामलों की संख्या 14 प्रतिशत ही थी। आरटीआई से हासिल सूचना से जाहिर है कि ऋण लेने वाले परिवारों ने जिस भरोसे सोना गिरवी रखा था, वह सही साबित नहीं हुआ। रोजगार के घटते अवसरों एवं अर्थव्यवस्था की धीमी होती रफ्तार ने कुल मिलाकर ऋण-ग्रस्तता की स्थिति को संगीन बना दिया है। इसके बीच निजी ऋणों की वापसी की स्थितियां प्रतिकूल होती जा रही हैं। सोने की कीमत में उछाल के कारण भी गोल्ड लोन को चुकाना कठिन हो गया है। तो कुल मिला कर वित्तीय स्थितियां अस्थिर होती हुई दिख रही हैं।



*दिल्ली की मुख्यमंत्री और आप उम्मीदवार आतिशी ने आगामी राज्य चुनाव के लिए नई दिल्ली के लाजपत नगर स्थित सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया।*

# मार्जिन पर कर लगाना नई बात नहीं


**सतीश सिंह**

वस्तु व सेवाकर (जीएसटी) परिषद ने पुराने और इस्तेमाल किए गए वाहनों, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल हैं कि बिक्री के लाभ मार्जिन पर जीएसटी दर को बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया है।

जीएसटी परिषद के इस ऐलान के बाद इसकी वसूली को लेकर आमजन में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। लोग उलझन में है, क्या उन्हें अपनी पुरानी गाड़ी को बेचने पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी देना होगा या यह कर सिर्फ पंजीकृत वाहन विक्रेता या डीलर के लाभ मार्जिन पर आरोपित किया जाएगा?

बता दें कि सिर्फ पंजीकृत वाहन विक्रेता अपने लाभ मार्जिन पर जीएसटी का भुगतान करेगा। अगर कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को या किसी वाहन डीलर को अपनी पुरानी या इस्तेमाल की हुई गाड़ी बेचता है तो उस पर उसे कोई जीएसटी नहीं देना होगा। इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति 15 लाख रु पए में एक कार खरीदता है और 3 वर्षो तक उसका इस्तेमाल करता है, फिर उसे किसी व्यक्ति को 10 लाख रु पए में बेच देता है तो उसे बिक्री मूल्य पर कोई जीएसटी नहीं देना होगा।

इसी तरह, अगर कोई व्यक्ति अपनी पुरानी और इस्तेमाल की गई गाड़ी को किसी पंजीकृत वाहन विक्रेता को समान कीमत पर बेचता है तो भी उसे बिक्री की राशि पर कोई जीएसटी नहीं देना होगी। जब डीलर उसी कार को किसी ग्राहक को 11 लाख रुपए में बेचता है तो उस डीलर को 1 लाख रु पए का लाभ होता है, जिसे यहां मार्जिन की संज्ञा दी गई है पर 18 प्रतिशत जीएसटी यानी 18,000 रु पए का भुगतान कर के रूप में करना होगा। यह कर पंजीकृत वाहन विक्रेता को इसलिए देना होगा, क्योंकि उसने यह लाभ अपने कारोबार के जरिये अर्जित किया है।इस क्रम में





यदि पंजीकृत वाहन विक्रेता आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 32 केतहत बिक्री किए गए वाहन पर मूल्य ह्रास का दावा करता है तो भी उसे जीएसटी लाभ मार्जिनपरदेना होगा। यहां मार्जिन का अर्थ हुआ (विक्रय मूल्य-मूल्य ह्रास के बाद की शेष कीमत)। यदि यह मार्जिन नकारात्मक होगी तो डीलर को कोई जीएसटी नहीं देना होगा, लेकिन अगर यह सकारात्मक होगी तो उसे विक्रय मूल्य और खरीद मूल्य के बीच के अंतर यानी मार्जिन पर जीएसटी देना होगा। इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। किसी वाहन की कीमत 20 लाख रुपए है और विक्रेता उसमें 9 लाख रुपए के मूल्य ह्रास का दावा करता है और वाहन बेचने की कीमत 10 लाख रुपए निर्धारित करता है।

ऐसे में वाहन का विक्रय मूल्य, जो 10 लाख रूपये है से मूल्य ह्रास के बाद की कीमत, जो 11 लाख रुपए है से घटाने पर नकारात्मक मार्जिन निकलता है, इसलिए उसपर कोई जीएसटी नहीं देना होगा, लेकिन यदि वाहन को 10 लाख रुपए की जगह 12 लाख रुपए में बेचा जाएगा तो 1 लाख रुपए का सकारात्मक मार्जिन निकलेगा और 18 प्रतिशत की दर से उस पर वाहन डीलर को 18,000 रुपए जीएसटी के रूप में सरकार को भुगतान करना होगा।

मार्जिन पर कर लगाना कोई नई बात नहीं है। यूपीए के कार्यकाल के दौरान भी पुरानी या इस्तेमाल की गई गाडियों की खरीद-फरोख्त के क्रम में मार्जिन पर कर की वसूली की जाती थी, जिसे %सर्विस टैक्स या सेवा कर' के नाम से जाना जाता था। उल्लेखनीय है कि इस कर की वसूली 2017 तक की गई है। जीएसटी परिषद के इस ताजा फैसले से पहले, 1200 सीसी या उससे ज्यादा इंजन क्षमता वाले पुराने वाहनों, जो पेट्रोल, एलपीजी या सीएनजी से चलते थे और 1500 सीसी या उससे ज्यादा सीसी वाले इंजन के डीजल वाहन पर वर्ष 2018 से 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी की वसूली की जा रही है।

इतना ही नहीं, पुराने इलेक्ट्रिक वाहनों पर भी 12 प्रतिशत की दर जीएसटी की वसूली की जा रही है। अस्तु, जीएसटी परिषद के ताजा फैसले पर कोई हाय-तौबा मचाने की जरूरत नहीं है। सकारात्मक तरीके से बात करें तो सरकार ने अपने इस पहल के माध्यम से सभी पुराने वाहनों, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल हैं की खरीद-फरोख्त पर जीएसटी की वसूली में एकरूपता लाने का काम किया है, जिसे सरकार की सराहनीय और प्रशंसनीय पहल कहा जा सकता है। भारत में पुरानी कारों का बाजार लगातार बढ़ रहा है। जाहिर है, बाजार में विस्तार होने से सरकार के राजस्व में भी इजाफा होगा।दास वेल्ट ऑटो और कार एंड बाइक की इंडियन ब्लू बुक 2023 रिपोर्ट केअनुसार, भारत में पुरानी कारों का बाजार वित्त वर्ष 2022-23 में 31.33 अरब अमेरिकी डॉलर का था, जिसके वित्त वर्ष 2027-28 तक 70.48 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढने का अनुमान है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वित्त वर्ष 2017 और वित्त वर्ष 2022 के दौरान पुराने वाहन बाजार की औसत वृद्धि दर 6 प्रतिशत रही थी, लेकिन वित्त वर्ष 2023 और वित्त वर्ष 2028 की अवधि में बाजार में 16 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने का अनुमान है। तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो इस अवधि के दौरान नई कार बाजार में महज 1 प्रतिशत से 6 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने का अनुमान है।आज के युवा अपनी जिंदगी को शानदार तरीके से जीना चाहते हैं। पहले लोग 20 साल या 25 साल की नौकरी करने के बाद अधेड़ावस्था में कार खरीदते थे, लेकिन अब नौकरी मिलते ही लोन से ही सही, लेकिन युवा तुरंत कार एवं मकान खरीद रहे हैं। पैसे कम होने पर युवा पुराने वाहन खरीदने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। ऐसे में पुराने वाहन के बाजार के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं, जिसकी अनदेखी सरकार कतई नहीं कर सकती है। कहा जा सकता है कि सभी तरह के पुरानी और इस्तेमाल की गई वाहनों के दोबारा या तीसरी बार बेचने पर लाभ मार्जिन पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटीकी वसूली करने पर सरकार के राजस्व में इजाफा होगा।

# नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा

**अजय प्रताप तिवारी**

स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है। मनुष्यों को स्वस्थ रहने के लिए उपचार की आवश्यकता भी होती है, लेकिन जब उपचार नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं पर आधारित हो तो इंसानों का स्वास्थ्य पूरी तरह से प्रभावित होता है।

नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा केवल पीड़ित लोगों के जीवन खतरे में नहीं होते हैं, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली और चिकित्सा उद्योग की विसनीयता भी प्रभावित होती है।

भारत में इन दिनों नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। भारत का कोई ऐसा राज्य नहीं है जो नकली दवाओं से प्रभावित न हो। हाल में कोलकाता में कैंसर और मधुमेह जैसे गंभीर बीमारी में उपयोगी होने वाली नकली दवाओं को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और पश्चिम बंगाल के औषधि नियंत्रण निदेशालय के साझा सहयोग से पकड़ा गया है जिसकी कीमत 6.60 करोड़ बताई गई है।विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में कुल बिकने वाली दवाओं में बीस प्रतिशत नकली और गुणवत्ताहीन दवा शामिल हैं।

भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में केवल दवा का बाजार लगभग दो लाख करोड़ का है जिसमें नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं की भागीदारी 15से 20 प्रतिशत के करीब है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्य शामिल है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने केवल 2023 में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं के लगभग 50 हजार मामले दर्ज किए थे। उद्योग संगठन एसोचैम की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत के दवा बाजार में कुल उपलब्ध एक एक-चौथाई दवा नकली और गुणवत्ताहीन है।

फेक एंड काउंटरफीट ड्रग्स इन इंडिया-बूमिंग बिज' नामक अध्ययन की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में नकली दवाओं का कारोबार 33 प्रतिशत की वृद्धि दर से प्रति वर्ष बढ़ रहा है। नकली दवाओं का बाजार बढने के कई कारण हैं, जिसमें दवा की ऑनलाइन बिक्री, गुणवत्तापूर्ण दवा की अपेक्षा नकली दवा का सस्ती कीमत, दवाओं के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी, डॉक्टर द्वारा मरीजों के पर्चे पर लिखे गए दवा के नाम के साथ प्रमाणित दवा कंपनियों का नाम न लिखना, बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में स्वास्थ्य सुविधाओं का उपलब्ध न होना, नकली और गुणवत्ताहीन दवा की पहचान करने की तकनीकी का न होना, ठोस कानून का आभाव के कारण नकली दवा का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवा की बिक्री शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक होती है।

भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा चिंता का विषय है। भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्माता और निर्यातक है। एशियन लाइट की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक फार्मा बाजार में भारत की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत है। भारत में बढ़ते नकली दवा से केवल न इंसानों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है बल्कि इससे भारत की वैश्विक स्तर पर दवा उद्योग में छवि भी धूमिल होती है। नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं के प्रचलन से चिकित्सा पेशे और स्वास्थ्य प्रणाली से जनता काविश्वास भी घटता है।

नकली दवा के रोकथाम के लिए कानूनी प्रावधानों में परिवर्तन करते हुए नकली दवाओं के उत्पादन और बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के लिए बहुत सख्त और दंड के साथ आर्थिक जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और राज्य स्तर पर दवा नियामक संस्थानों को दवाओं के प्रति साप्ताहिक प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। सभी दवा कमानियों को सभी प्रकार के दवा उत्पाद पर ट्रैक और ट्रेस तकनीक का उपयोग के लिए सरकार द्वारा बाध्य किया जाना चाहिए ताकि मरीज नकली और असली दवाओं की पहचान आसानी से कर सकें। दवा की प्रामाणिकता जांचने के लिए मोबाइल एप और ऑनलाइन डेटाबेस की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं की रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर एकजुट होकर समस्या का समाधान तलाश करना होगा। भारत को नकली दवाओं को रोकने के लिए बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाना होगा। बढ़ती जनसंख्या, निर्धनता और महंगी स्वास्थ्य सेवाओं के कारण लोगों को सस्ती और नकली दवाओं पर बाध्य होना पड़ता है। भारत को नाइजीरिया और अमेरिका की तकनीकी मेडिसेफर एवं ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम की पहल करना चाहिए। यह तकनीकी नकली आपूर्ति श्रृंखला नजर रखती है। सख्त कार्रवाई से ही स्वस्थ भारत और सशक्त भारत का निर्माण होगा।





मेष राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको बिजनेस में कुछ लोगों से मदद मिलेगी। दाम्पत्य जीवन में आपसी समझ और प्यार रिश्ते को और भी बेहतर बनायेंगे। आपका सामाजिक जीवन आज हर तरह से बेहतर बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको काम के लिये वाहवाही मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति होगी। आप खुद को सही साबित करने में सफल रहेंगे । किसी काम को पूरा करने के लिए आपको नया आईडिया सूझेगा। स्टूडेंट्स को आगे बढ़ने के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

वृष राशि : आज आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिल सकते हैं। आपको बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। बिजनेस में सब कुछ सामान्य रूप से बना रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते में एक बार फिर से ताजगी भरने के लिये आज का दिन बढ़िया है। आप कुछ नये विचारों के साथ अपना खास काम शुरू कर सकते हैं।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। अचानक लाभ होने के योग हैं किसी अनुकूल संपर्क के कारण आप अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होगें । मित्र और सहकर्मी आपके प्रयासों में आपका समर्थन करेंगे। आपको अपने कार्य क्षेत्र में असीम विजय मिलेगी ।

कर्क राशि : आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बना सकती है। जीवन में तरक्की के नये रास्ते भी खुलेंगे। ऑफिस में आपके काम की तारीफ हो सकती है। अपने कुछ खास काम निपटाने के लिए आपको अपने रूटीन में बदलाव करना पड़ सकता है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं। अगर किसी तरह का निवेश करने की सोच रहे हैं, तो पहले आपको सब कुछ अच्छी तरह से चेक कर लेना चाहिए।

सिंह राशि : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं। ऑफिस में आपको नया काम मिल सकता है, जिसमें आप अपनी मेहनत से सफलता हासिल करेंगे। परिवार से जुड़े किसी काम के लिए थोड़ी भागदौड़ हो सकती है। आपकी यात्राएं फलीभूत होंगी आप अपने परिवारजनों और मित्रों के साथ सैर सपाटे की योजनायें भी बना सकते है ।

कन्या राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। बचपन के किसी दोस्त का आज फोन आ सकता है, बात के दौरान कुछ पुरानी यादें ताजा होंगी। आपके अधूरे काम पूरे हो जायेंगे। बिजनेस में नए एग्रीमेंट हो सकते हैं। संपत्ति बढ़ाने की योजना सफल हो सकती है।

तुला राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आगे चलकर ये प्रोजेक्ट आपको फायदा दिलायेगा। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। मेहनत के बल पर उन्हें अपने करियर में सफलता हासिल होगी। किसानों को अपने श्रम का अच्छा लाभ मिलेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। थोड़ी-सी मेहनत से ही आपको बड़ा मुनाफा मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बना सकते हैं। आप दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चे दोस्तों के साथ किसी पिकनिक स्पॉट पर जा सकते हैं। आपको करियर से जुड़ा सुनहरा मौका मिलेगा। आपके कामकाज में बदलाव होने के योग बन रहे हैं। जो छात्र विदेश में जाकर शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, उनके सपने साकार हो सकते हैं।

धनु राशि : आज आपका दिन शानादर रहेगा। आपको किसी विशेष काम में दूसरे लोगों की मदद मिल सकती है। साथ ही परिवार के लोग आपके हर फैसले के साथ होंगे। ऑफिस के काम से किसी सहकर्मी के साथ यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपको अपनी माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। घर बनवा रहे लोगों का काम आगे बढेगा।

मकर राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। आर्थिक रूप से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। आपके काम में नयापन आयेगा। अपनों से नजदीकियां बढ़ाने का अवसर मिलेगा। आपको शुभ सूचना प्राप्त होगी। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपके कामकाज की क्षमता बढ़ेगी, जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ने के योग हैं।

कुंभ राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। साथ ही आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपको आनंद की अनुभूति होगी। आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। आप किसी खास विषय पर उनसे बातचीत भी कर सकते हैं। आप बच्चों को कहीं घूमाने ले जायेंगे। आज कामकाज के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिये फायदेमंद साबित होगी।

मीन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे। साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। समाज में आपको उचित आदर-सम्मान मिल सकता है। ऑफिस का काम समय पर पूरा हो सकता है।

# अखंड अमेरिका बनाम अखंड भारत

**-किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से प्राचीन भारत से लेकर नए भारत तक व अखंड भारत से लेकर आज के भारत तक के विचारों सभ्यता संस्कृति विरासत की तारीफ़ दुनियाँ भर में होती रहती है। भारत के वसुधैव कुटुम्बकम का उल्लेख भारतीय उपनिषदों और अन्य प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। इस अवधारणा का मूल यह है कि पृथ्वी पर रहने वाले सभी प्राणी एक परिवार का हिस्सा हैं और हमें सभी के साथ प्रेम और समानता का व्यवहार करना चाहिए। यह सिद्धांत जीवन के सभी पहलुओं पर लागू होता है,चाहे वह व्यक्तिगत हो, पारिवारिक हो, या सामाजिक।परंतु अंग्रेजों की बुरी नज़र भारत पर पड़ी और भारत विखंडित होते चला गया जो आज भी अखंड भारत की ओर प्रयास कर रहा है।परंतु ठीक वैसी ही सोच को 20 जनवरी 2025 को 47 वें राष्ट्रपति की शपथ ग्रहण कर व्हाइट हाउस में प्रवेश करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हो चली है, उन्होंने अखंड अमेरिका की संकल्पना की है, जिसमें पनामा ग्रीनलैंड कनाडा मैक्सीको का क्षेत्र, हालांकि यह पूरे देश कभी भी अमेरिका के हिस्से नहीं रहे, बल्कि स्वतंत्र देश हैं उनको मिलकर ट्रंप एक अखंड अमेरिका की परिकल्पना कर रहे हैं, हालांकि यह संभव होता है या नहीं, जबकि अनेकों वर्षों पूर्व से ही पूर्व राष्ट्रपति भी यह चर्चा कर चुके हैं।ठीक वैसे ही अभी कुछ समय पूर्व ही सरसंचालक ने यह बात कह कर फिर से विषय को चर्चा में लेकर आए थे जबकि अभी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अभी 4 दिन पूर्व ही अखंड अमेरिका की वकालत की है। ठीक उसी तरह अब ट्रंप मेक अमेरिका ग्रेट अगेन की बात कर रहे हैं जो हमारे, पीएम लंबे समय से मेक इन इंडिया की बात कर रहे हैं।यानें कुल मिलाकर अमेरिका उसी राह की और सोच रहा है जिसपर भारत चल रहा है यानें दोनों देशों के सुप्रीमो के विचार एक ही दिशा में जा रहे हैं यानी गंभीरता से मिल रहे हैं जिसके दुर्गा में सकारात्मक परिणाम दृढ़ संबंधों को बल मिला है परंतु अपने-अपने देश के हितों को देखते हुए अमेरिका ग्रेट अगेन वह भारत के मेक इन इंडिया में टकव की स्थिति भी हो सकती है, जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे।चूँकि क्या अमेरिका भारत की सोच मिल रही है? इस लॉजिक को देखते हुए आज हममीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अखंड अमेरिका बनाम अखंड भारत तथा अखंड अमेरिका में नए देश को जोड़ने की बात हो रही है जबकि अखंड भारत में भारत से ही अलग हुए हिस्सों को पूर्ण मिलने की बात है।

साथियों बात अगर हम 20 जनवरी 2025 को शपथ ग्रहण करने वाले ट्रंप के अखंड अमेरिका के बयान से पूरी दुनियाँ में खलबली की करें तो, राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अपने नए मिशन पर हैं।मेक अमेरिका ग्रेट अगेन का नारा देने वाले ट्रंप अब अमेरिका को अखंड अमेरिका बनाने चले हैं,ऐसा वो सिर्फ कह नहीं रहे उनके पास इसके लिए पूरा प्लान तैयार है, जिसकी झलक उन्होंने हाल के बयानों में दिखाई है। ट्रंप ने मंगलवार को अपने ट्रुथ मीडिया पर अमेरिका का एक नया मैप शेयर किया जिसमें उन्होंने कनाडा को अमेरिका का हिस्सा दिखाया।अमेरिका में राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण से पहले डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह के बयान दे रहे हैं, उनसे पूरी दुनिया में हलचल मची है। पहले उन्होंने कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने की इच्छा जताई, फिर, ग्रीनलैंड व पनामा नहर को हासिल करने की चाहत दिखाई और अब मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने की बात कही है।उन्होंने अपना नौ सूत्री एजेंडा भी पेश किया है, जिसमें अपनी तमाम योजनाओं का जिक्र किया है, हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि ग्रीनलैंड और पनामा नहर को लेकर वह सैन्य कार्रवाई भी करेंगे, तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया, मगर कनाडा और मेक्सिको पर उन्होंने आर्थिक दबाव बनाने की बात जरूर कही, जिससे वैश्विक कूटनीति को लेकर तमाम तरह की आशंकाएं पनपने लगी हैं, इन सबका शुरुआती संकेत यही है कि ट्रंप अशांति पैदा करने वाली अपनी पुरानी कार्यशैली पर ही विश्वास कर रहे हैं। दुनिया भर में अमेरिका को लेकर जो सहमति रही है, वह उसे भी बदलना चाह रहे हैं। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध के बाद अमेरिकी सत्ता रिपब्लिकन के हाथों में रही हो या डेमोक्रेट के हाथों में, वे यह स्पष्ट रहे हैं कि अपनी विदेश नीति में अमेरिका कभी विस्तारवादी ताकत के रूप में दिखाई न पड़े, मगर डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान अमेरिका की इस छवि के प्रतिकूल दिख रहे हैं। साथियों ग्रीनलैंड बेशक डेनमार्क का हिस्सा है, लेकिन वहां अमेरिका के कई खुफिया अड्डे हैं, एक अंतरिक्ष इकाई है और बैटरी व हाईटेक उत्पादों के निर्माण में जरूरी खनिज के भंडार हैं। ट्रंप अपने बयानों से अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड की अहमियत बता रहे हैं और यह जता रहे हैं कि रूस और चीन से पहले वहां अमेरिका की पकड़ सुनिश्चित होनी चाहिए।जाहिर है, जैसे-जैसे यह मसला आगे बढ़ेगा, ग्रीनलैंड- डेनमार्क पर ट्रंप को यह संतुष्ट करने का दबाव बढ़ेगा कि वहां हर हाल में अमेरिकी हित सुरक्षित रखे जाएं। रही बात पनामा नहर की, तो ट्रंप को आशंका है कि पनामा का झुकाव चीन की ओर बढ़ रहा है, उनका मानना है कि अमेरिकी जहाजों से यहां तुलनात्मक रूप से ज्यादा फीस ली जा रही है,उसके दो बंदरगाहों का प्रबंधन भी हांगकांग की दो कंपनियों के पास है। चूंकि इस नहर पर पहले अमेरिका का ही नियंत्रण था, जिसे सन् 1977 में पनामा के हवाले कर दिया गया, इसलिए डोनाल्ड ट्रंप का मानना है कि यहां हर हाल में अमेरिका का दावा सबसे ऊपर होना चाहिए।इसमें जहां कनाडा और मेक्सिको के साथ उसका आर्थिक मुद्दा जुड़ा है, तो पनामा और ग्रीनलैंड के साथ चीन की प्रतिस्पर्द्धा का मसला, चूंकि ट्रंप का एजेंडा शुरू से अमेरिका फर्स्ट, यानी सबसे पहले अमेरिका का रहा है, इसलिए वह बेबाकी से अमेरिकी हितों को तवज्जो देने के दावे कर रहे हैं,इन सबसे अन्य देश जरूर अचंभित हैं, क्योंकि एक महाशक्ति होने के नाते अमेरिका की कभी भी ऐसी विदेश नीति नहीं रही है, इससे आशंका यह जताई जाने लगी है कि ट्रंप के इस दूसरे कार्यकाल में क्या चीन की तरह अमेरिकाभीविस्तारवादी नीतियों का पोषण करेगा?

साथियों बात अगर हम अखंड भारत की करें तो,देश में अखंड भारत को लेकर बहस लंबे समय से होती रही है। नए संसद भवन के अंदर भी अखंड भारत की एक तस्वीर लगी है।इस पर काफी विवाद भी हुआ था।तब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि संसद में जो लगा है, वो अशोक के साम्राज्य को दिखा रहा है,पर ये अखंड भारत क्या है?अखंड भारत को लेकर तीन तरह के कॉन्सेप्ट हैं:-पहला: ऐसा भारत जिसमें पाकिस्तान और बांग्लादेश भी हों। दूसरा: ऐसा भारत जिसमें पाकिस्तान- बांग्लादेश के अलावा नेपाल, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान और श्रीलंका भी हों,तीसरा: ऐसा भारत जिनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल,भूटान, तिब्बत म्यांमार, अफगानिस्तान और श्रीलंका के साथ-साथ कंबोडिया, मलेशिया, वियतनाम और इंडोनेशिया भी हों।कब-कब खंड-खंड हुआ भारत ?- पाकिस्तान: 1947 में बंटवारा हुआ,भारत और पाकिस्तान दो अलग-अलग देश बने। बांग्लादेश: पहले पाकिस्तान का हिस्सा था।1971 में बांग्लादेश एक अलग मुल्क बना, नेपाल: 1904 में गोरखाओं और अंग्रेजों में एक संधि हुई. इससे नेपाल अलग देश बना।भूटान: ब्रिटेन ने 1907 में भूटान में उग्येन वांगचुक की राजशाही स्थापित कर दी।



# देखो दिल्ली चमकती हुई दिल्ली पेरिस है पेरिस : राहुल गांधी

## राहुल गांधी ने पूर्व सीएम पर कसा तंज



नई दिल्ली (ए.)। राहुल गांधी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की सफाई को लेकर पूर्व सीएम और उनके सहयोगी दल अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष किया। गौरतलब है कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में सहयोगी दल अकेले चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस नेता ने अपने एक्स अकाउंट पर राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में गंदगी को दिखाते हुए एक वीडियो साझा किया। उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है देखो दिल्ली देखो चमकती हुई दिल्ली पेरिस है पेरिस। केजरीवाल पर निशाना साधते हुए गांधी ने याद दिलाया कि आप प्रमुख ने कहा था कि वह दिल्ली को साफ करेंगे, भ्रष्टाचार हटाएंगे और राष्ट्रीय राजधानी को पेरिस में बदल देंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, वास्तव में क्या हुआ - प्रदूषण के कारण कोई घूम नहीं सकता और महंगाई बढ़ रही है। गांधी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार हटाने की बात की थी। क्या उन्होंने भ्रष्टाचार हटा दिया है? जैसे मीडिया के माध्यम से मोदी जी का प्रचार, एक के बाद एक झूठे वादे करना, वह (केजरीवाल) उसी रणनीति का पालन कर रहे हैं। इसमें कोई अंतर नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दोनों नेताओं के बीच कोई अंतर नहीं है और वे नहीं चाहते कि पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनका उचित हिस्सा मिले। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली सार्वजनिक बैठक में केजरीवाल पर विशेष रूप से निशाना साधते हुए, गांधी ने कहा कि आप संयोजक राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण, भ्रष्टाचार और मुद्रास्फीति के बावजूद मोदी की प्रचार और झूठे वादों की रणनीति का पालन कर रहे थे।

### अब बांग्लादेश को सबक सिखाने की तैयारी, भारत ने डिप्टी हाई कमिश्नर को किया तलब

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग का विवाद गहरा गया है। भारत ने आज बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमिश्नर नुरूल इस्लाम को तलब किया है। इससे पहले रविवार को बांग्लादेश ने भारतीय हाई कमिश्नर को समन किया था। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने भारतीय हाईकमिश्नर प्रणय वर्मा को बुलाकर बॉर्डर पर बीएसएफ की तरफ से की जा रही फेंसिंग (बाड़) को अवैध कोशिश बताया था। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बॉर्डर पर फेंसिंग को अवैध कोशिश बताया था। हालांकि, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया है। भारत और बांग्लादेश के बीच 4,156 किलोमीटर का बॉर्डर है। इसमें से 3271 किलोमीटर एरिया में भारत ने फेंसिंग कर दी है। 885 किलोमीटर बॉर्डर पर अभी फेंसिंग का काम चल रहा है। ढाका ने पहले आरोप लगाया था कि भारत भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है, जो द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन है।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में भारत मंडपम में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150वें स्थापना दिवस के समारोह में भाग लिया.

## नवविवाहिता को कमरे में नग्न किया और फिर, महिला ने होश में आकर सुनाई हैवानियत की दास्तां



गाजियाबाद (आरएनएस)। गाजियाबाद में दहेज की मांग को लेकर नवविवाहिता के साथ हैवानियत की सारी हदें पार की गई। नवविवाहिता का आरोप है कि पति ने शरीर पर गर्म चाय फेंकी। कमरे में नग्न कर बेल्ट से पिटाई की। जबरन अप्राकृतिक सेक्स करने के बाद शरीर को कई जगह से काटा। पुलिस ने मामले की सुनवाई नहीं की तब पीड़िता ने महिला आयोग में शिकायत कर केस दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र निवासी युवती की शादी बीते वर्ष 19 फरवरी को नंदग्राम निवासी युवक से हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के अगले दिन से ही उन्हें 10 लाख रुपये दहेज के लिए परेशान किया जाने लगा। पीड़िता ने शिकायत में बताया है कि 31 मई को पीड़िता के पति ने उससे अपने भाइयों की मालिश करने के लिए कहा था, लेकिन उसने मना कर दिया। इससे गुस्साए पति ने उस दिन मारपीट कर गर्म चाय फेंक दी। इससे भी आरोपित का मन नहीं भरा तो रात में महिला के कपड़े उतारकर बेल्ट से बेरहमी से पिटाई की। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पति ने कई बार शरीर पर काटा और जबरन अप्राकृतिक सेक्स किया। पीड़िता का आरोप है कि सात जुलाई को ससुर ने उसके साथ छेड़खानी की। रात को जब इसकी जानकारी उन्होंने पति को दी तो पति ने दीवार में सिर देकर मार दिया। इससे पीड़िता बेहोश हो गई। जब होश आया तो सास को घटना की जानकारी दी।

## पीएम मोदी आज देश को समर्पित करेंगे तीन युद्धपोत, खारघर में इस्कॉन मंदिर का भी करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली (ए.)। बुधवार 15 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी मुंबई में नौसेना डॉकयार्ड में 3 फ्रंटलाइन नौसैनिक लड़ाकू विमानों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को उनके कमीशनिंग पर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 3 प्रमुख नौसैनिक लड़ाकू विमानों का शामिल होना रक्षा विनिर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक नेता बनने के भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। आईएनएस नीलगिरि, पी17ए स्टील्थ फ्रिगेट प्रोजेक्ट का पहला जहाज है, जिसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और इसमें स्वदेशी फ्रिगेट की अगली पीढ़ी को दर्शाते हुए बढ़ी हुई उत्तरजीविता, समुद्री सुरक्षा और गोपनीयता के लिए उन्नत विशेषताएं शामिल हैं। आईएनएस सूरत, पी15बी गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर प्रोजेक्ट का चौथा और अंतिम जहाज, दुनिया के सबसे बड़े और सबसे परिष्कृत विध्वंसकों में से एक है। इसमें 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है और यह अत्याधुनिक हथियार-सेंसर पैकेज और उन्नत नेटवर्क-केंद्रित क्षमताओं से लैस है। आईएनएस वाघशीर, पी75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी, पनडुब्बी निर्माण में भारत की बढ़ती विशेषज्ञता का प्रतिनिधित्व करती है और इसका निर्माण फ्रांस के नौसेना समूह के सहयोग से किया गया है। बाद में दिन में, लगभग 3:30 बजे, पीएम मोदी नवी मुंबई के खारघर में स्थित इस्कॉन पहल, श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन करेंगे।






आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सांसद संजय सिंह के साथ नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया.

## यूजीसी नीट की परीक्षा स्थगित, आज होने वाला था एग्जाम; जल्द होगा नई तारीख का ऐलान

नई दिल्ली (आरएनएस)। यूजीसी-नेट दिसंबर 2024 परीक्षा, जो 15 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाली थी, अब स्थगित कर दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस परीक्षा के पोस्टपोन होने की घोषणा की है और इसके लिए नई तारीखों का ऐलान बाद में किया जाएगा। हालांकि, 16 जनवरी को होने वाली परीक्षा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ही आयोजित की जाएगी। 15 जनवरी को होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा अब किसी नई तारीख पर आयोजित की जाएगी। हालांकि, इस नई तारीख के बारे में फिलहाल एनटीए ने कोई जानकारी नहीं दी है। उन्होंने केवल यह बताया है कि यूजीसी नेट परीक्षा की नई तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी, और इसकी घोषणा आधिकारिक वेबसाइट पर की जाएगी। इसके साथ ही, नई तारीख पर आधारित एडमिट कार्ड भी अलग से जारी किए जाएंगे। एनटीए ने बताया है कि उसे कई सिफारिशें प्राप्त हुई थीं, जिनमें पोंगल, मकर संक्रांति और अन्य त्योहारों के मद्देनजर 15 जनवरी 2025 को होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा को स्थगित करने की अपील की गई थी। छात्रों के हित में निर्णय लेते हुए, एजेंसी ने 15 जनवरी 2025 को निर्धारित यूजीसी नेट दिसंबर 2024 परीक्षा को स्थगित करने का निर्णय लिया है। हालांकि, 16 जनवरी 2025 को होने वाली परीक्षा पहले की निर्धारित तिथि के अनुसार ही आयोजित की जाएगी।




### अमृतसर में एक घर में हुआ धमाका, इलाके में मची अफरा-तफरी; पुलिस जांच में जुटी

अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब के अमृतसर में एयरपोर्ट रोड पर जुझार सिंह एवेन्यू में एक घर में तेज धमाका हुआ। धमाके इतना तेज था कि आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी गई है। जानकरी के अनुसार, धमाका एक घर के अंदर हुआ, धमाके की वजहों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने घर में जांच शुरू कर दी है।प्रशासन ने किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी है। जांच के दौरान मीडियाकर्मियों को भी घटनास्थल के करीब जाने से रोका जा रहा है।

### तिरुपति मंदिर में फिर हादसा, लड्डू वितरण केंद्र के पास लगी आग; मची अफरा-तफरी

तिरुपति (आरएनएस)। तिरुमाला के प्रसिद्ध तिरुपति तिरुमला देवस्थानम मंदिर में एक बार फिर हादसा हो गया। लड्डू वितरण केंद्र के पास आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। यह घटना उस समय हुई जब काउंटर पर भारी भीड़ मौजूद थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीमें आग पर काबू पाने में जुटी रहीं।यह घटना ऐसे समय में हुई है जब मंदिर में 10 दिवसीय बैकुंठ द्वार दर्शनम उत्सव चल रहा है और देश भर से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे हुए हैं। यह चिंताजनक घटना 8 जनवरी को मंदिर में हुई भगदड़ के बाद हुई है, जिसमें 6 लोगों की जान चली गई थी और 40 से अधिक लोग घायल हो गए थे। वह भगदड़ बैरागी पट्टेदा के पास हुई थी, जहाँ श्रद्धालु बैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट लेने की कोशिश कर रहे थे। उस दुखद घटना के बाद से ही मंदिर प्रशासन हाई अलर्ट पर था और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। इसके बावजूद, लड्डू वितरण केंद्र के पास आग लगने की इस नई घटना ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

# विविध-समाचार

## बाबा सिद्दीकी जैसा होगा हाल, बिहार के मंत्री संतोष सिंह को बिश्नोई गैंग ने दी जान से मारने की धमकी

पटना (ए.)। बिहार के मंत्री संतोष कुमार सिंह को जान से मारने की धमकी मिली है। इस बाद दी जानकारी खुद मंत्री ने दी है। संतोष कुमार सिंह ने मीडिया से कहा कि मुझे कुछ समय पहले एक फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई बताया और उसने 30 लाख रुपये मांगे, मैंने इनकार कर दिया और फोन काट दिया। उन्होंने कहा कि उसने मुझे बाबा सिद्दीकी की याद दिलाते हुए फिर से फोन किया और मुझे जान से मारने की धमकी देकर पैसे मांगे। वैसे ही, लेकिन मैंने कॉल काट दिया। मंत्री ने दावा किया कि उसने बार-बार फोन किया और मुझे बताया कि कैसे वह मेरे बारे में सब कुछ जानता है और मैंने पूछा कि पैसे कैसे भेजने हैं। फिर उसने लेनदेन के लिए एक स्कैनर भेजा। उन्होंने कहा कि मेरे पास डीजीपी का नंबर है और वह अपनी जांच कर रहे हैं और मैं एफआईआर दर्ज करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर अब कोई केस नहीं है और न ही कोई राजनीतिक दुश्मन है। रिपोर्ट आने दीजिए, ये 30 लाख रुपये उन्हें बहुत भारी पड़ेंगे। संतोष कुमार सिंह एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं, वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य और रोहतास से दो बार विधान परिषद के सदस्य हैं।

## पटरी से उतरी पैसेंजर ट्रेन, यात्रियों की अटकी सांसें; लोको पायलट की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

चेन्नई (आरएनएस)। विल्लुपुरम रेलवे स्टेशन के पास आज मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा होते-होते रह गया। यहां यात्रियों को लेकर जा रही एक पैसेंजर ट्रेन अचानक पटरी से उतर गई। मिली जानकारी के मुताबिक पैसेंजर ट्रेन के पांच डिब्बे रेलवे की पटरी ने उतर गए। हालांकि आनन-फानन में आवाज सुनकर ट्रेन को रोक दिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस हादसे के बाद अन्य ट्रेनों के लिए रास्ते को साफ किया गया। वहीं ट्रेन में बैठे अन्य यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि विल्लुपुरम से पुडुचेरी जा रही पैसेंजर ट्रेन के पांच डिब्बे विल्लुपुरम रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। तेज आवाज सुनकर ट्रेन को तुरंत रोक दिया गया। ट्रेन रुकने की वजह से बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन रोकने के बाद सभी यात्रियों को ट्रेन से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रेलवे कर्मचारी और इंजीनियर घटनास्थल पर पहुंचे और पटरी से उतरी ट्रेन की मरम्मत के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। रेलवे कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद अन्य ट्रेनों के लिए मार्ग साफ किया। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि यह घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई थी या नहीं। वहीं विल्लुपुरम रेलवे पुलिस ने भी मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा ने खोले पत्ते, मिल्कीपुर से चंद्रभान पासवान को दिया टिकट

नई दिल्ली (ए.)। मिल्कीपुर सीट तब खाली हो गई जब जून में मौजूदा सपा विधायक अवधेश प्रसाद ने फैजाबाद लोकसभा सीट जीत ली। उपचुनाव पहले नवंबर 2024 में नौ अन्य विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव के साथ होना था। लेकिन अदालत में लंबित मामले के कारण चुनाव आयोग ने मिल्कीपुर उपचुनाव टाल दिया। सपा ने पिछले साल जून में उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से 37 सीटें जीती थीं, लेकिन उसका प्रदर्शन तब गिर गया जब नवंबर में हुए उपचुनावों में उसे नौ विधानसभा सीटों में से केवल दो सीटें ही मिल सकीं। उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए बीजेपी ने चंद्रभान पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है। अयोध्या जिले का मिल्कीपुर उपचुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद हुए सभी उपचुनावों में सबसे प्रतिष्ठित माना जा रहा है क्योंकि इस सीट पर एक बार फिर बीजेपी और एसपी के बीच कांटे की टक्कर है. समाजवादी पार्टी ने मिल्कीपुर से अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को अपना आधिकारिक उम्मीदवार बनाया है। मिल्कीपुर सीट तब खाली हो गई जब जून में मौजूदा सपा विधायक अवधेश प्रसाद ने फैजाबाद लोकसभा सीट जीत ली।

## दिल्ली के बाद बंगाल में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों पर कार्रवाई, 2 गिरफ्तार

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल पुलिस ने उत्तर 24 परगना जिले में दो बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी दस्तावेजों के साथ भारत में अवैध रूप से रहने के बाद गिरफ्तार किया। रुल हक और रफीकुल इस्लाम, जो दोनों बांग्लादेश के निवासी हैं, कई साल पहले उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर पहुंचे थे और कथित तौर पर जाली दस्तावेज जमा करके मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे फर्जी पहचान पत्र प्राप्त किए थे। नुरुल हक पकड़े जाने से बचने के लिए नारायण अधिकारी नाम का इस्तेमाल कर रहा था। फीकुल इस्लाम का मूल घर बांग्लादेश के मदारीहाट में है और वह भारत आया था, जहां उसने फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड बनवाकर इलाके में जमीन खरीदी और घर बनाया। पश्चिम बंगाल पुलिस ने जिला पुलिस से नारायण अधिकारी उर्फ हक के बारे में इनपुट मिलने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया, जो रफीक इस्लाम नाम के एक मकान मालिक के किराए के मकान में रह रहे थे, जो एक बांग्लादेशी भी है।

## अनुपम खेर ने की रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात, जताया आभार



मुंबई, (आरएनएस)। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने रेलवे और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अभिनेता ने रेल मंत्री का आभार भी जताया। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेता कभी राजनीतिक तो कभी फिल्मी हस्तियों के साथ मुलाकात की झलक अक्सर साझा करते रहते हैं। रेलवे और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के साथ मुलाकात की तस्वीर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, रेलवे और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव जी, आपकी गर्मजोशी और सराहना के लिए धन्यवाद। आज आपके कार्यालय में आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। आपका काम करने का उत्साह और ईमानदारी शानदार और आगे बढ़ाने वाला है! आप आगे भी बेहतर प्रदर्शन करते रहें! जय हो! अनुपम खेर की सोशल मीडिया पर खासा उपस्थिति रहती है। दोस्तों के साथ छुट्टियां मनाने की झलक हो या फिर फिल्म का प्रमोशन या मजाकिया पोस्ट किसी भी मामले में वह पीछे नहीं रहते और प्रशंसकों को लेटेस्ट पोस्ट के साथ रूबरू कराते रहते हैं। हाल ही में कई तरह की मिठाइयों से सजे एक वीडियो को साझा करते हुए उन्होंने प्रशंसकों से पूछा था कि आपकी पसंदीदा मिठाई कौन सी है? इसके साथ ही उन्होंने खुद के मिठाई न खा पाने पर मलाल भी किया। इंस्टाग्राम पर वीडियो को साझा करते हुए खेर ने कैप्शन में लिखा था, चलिए! बताइये! इस वीडियो में कितनी प्रकार की मिठाइयां हैं और इनमें से आपकी पसंदीदा कौन सी है? वीडियो में पारंपरिक मिठाइयों के साथ ही पेस्ट्री भी है। खेर ने अफसोस जताया और लिखा, मैं यह सब नहीं खा रहा। अनुपम खेर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता ने हाल ही में निर्देशक विक्रम भट्ट की आगामी 'तुमको मेरी कसम' की शूटिंग पूरी की है। फिल्म में खेर के साथ अभिनेत्री ईशा देओल हैं, जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव : नामांकन से पहले सीएम आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर आचार संहिता के उल्लंघन में एफआईआर दर्ज की गई है। कोड ऑफ कंडक्ट के आरोप में रिटर्निंग अफसर ने सीएम आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। इसके साथ ही आतिशी पर यह भी आरोप लगा है कि उन्होंने निजी कार्यालय के लिए सरकारी व्हीकल का प्रयोग किया।दर्ज करवाई गई शिकायत में कहा गया है कि चुनाव के ऐलान के बाद 7 जनवरी को करीब 02.30 बजे पीडब्ल्यूडी के सरकारी वाहन, निजी चुनाव कार्यालय पर चुनाव से जुड़े काम के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा। आतिशी की विधानसभा सीट कालकाजी के रहने वाले केएस दुग्गल ने गोविंदपुरी एसएचओ को भी शिकायत दी। कालकाजी से विधायक आतिशी को इस हाई-प्रोफाइल सीट से फिर से टिकट दिया गया है।



कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा आगामी रा%य चुनाव के लिए नई दिल्ली में अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचीं।

## दिल्ली-एनसीआर में कोहरे का कहर जारी, 50 से ज्यादा ट्रेनें और 70 फ्लाइटें हुई लेट; एक्यूआई 250 से नीचे पहुंचा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर में तीन दिन पहले हुई बारिश से सर्दी और ज्यादा बढ़ गई है। उधर, कोहरा होने से ट्रेनों और उड़ानों पर भी असर पड़ा है। दिल्ली में मंगलवार सुबह कोहरा छाया, जिससे वाहनों को अपना गाड़ी की लाइट जलाकर ही चलना पड़ा। वहीं, अगर बात प्रदूषण की करें तो आज थोड़ी राहत मिली है। दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में मंगलवार को एक्यूआई 250 से नीचे ही दर्ज किया गया है। इुहीं, मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण शाम या रात को रुक-रुक कर बहुत हल्की वर्षा हो सकती है। कोहरे के कारण मंगलवार को ट्रेनों की आवाजाही बाधित रही। दिल्ली आने वाली लंबी दूरी की 50 से अधिक ट्रेनें देरी से चल रही हैं। अधिकांश



लोकल ट्रेनें भी विलंब से चलने के कारण दैनिक यात्रियों की परेशानी हो रही है। देरी से गंतव्य पर पहुंचने के कारण कई ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ रहा है। इस साल की शुरुआत से ही गुरुग्राम में ठंड का प्रकोप लगातार जारी है। एक दो दिन को छोड़ दिया जाए तो अधिकतर दिनों में बादल छाए रहे। सोमवार को भी रविवार जैसे हालात रहे। लोगों को दोपहर एक बजे तक सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए। एक बजे के बाद धूप निकलने से लोगों को हल्की राहत मिली। वहीं इससे पारा जरूर एक डिग्री कम हो गया। शीतलहर से गलन बढ़ी हुई है। गुरुग्राम का न्यूनतम तापमान सोमवार को आठ डिग्री सेल्सियस रहा और अधिकतम 18.2 डिग्री दर्ज किया गया। बीते दिन रविवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस था। शीतलहर और धूप न निकलने से पारे में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि सोमवार को घना कोहरा तो नहीं रहा, लेकिन धुंध की हल्की चादर छाई रही। दोपहर एक बजे धूप खिलने से लोगों को राहत मिली।

## कार्तिक आर्यन की राह चलीं खुशी कपूर, 'लवयापा' में श्रीदेवी की लाडली का होगा इतने मिनट का मोनोलॉग



कार्तिक आर्यन की फिल्म 'प्यार का पंचनामा' देखी है? अगर देखा होगी तो इस फिल्म में उनका मोनोलॉग तो याद ही होगा। यह उनकी पहचान बन गया है। कार्तिक आर्यन किसी इवेंट में शामिल हों फैंस उनसे इस मोनोलॉग की डिमांड करने लगते हैं। अब कुछ ऐसा ही प्रयोग खुशी कपूर करने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'लवयापा' में उनका मोनोलॉग है। इसकी अवधि भी कम नहीं है।

**कितने मिनट का होगा मोनोलॉग**

श्रीदेवी और बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर फिल्म 'लवयापा' में आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली हैं। इसका ट्रेलर बीते दिनों लॉन्च हुआ। हालांकि, इसे ठंडी प्रतिक्रिया ही मिली है। इस बीच फिल्म में खुशी के मोनोलॉग की खबर आ रही है। फिल्मी बीट की रिपोर्ट के मुताबिक 'लवयापा' में खुशी कपूर का आठ मिनट लंबा मोनोलॉग होगा।

**उम्मीदों पर उतर पाएंगी खरी?**

इसमें कोई दोराय नहीं कि कार्तिक आर्यन का मोनोलॉग दर्शकों के दिमाग पर छप गया है। अब आगामी फिल्मों में अगर कोई मोनोलॉग पेश करता है तो उम्मीदें भी उसी किस्म की होंगी। ऐसे में अगर खुशी कपूर का मोनोलॉग दर्शकों को देखने को मिलता है तो क्या वे उम्मीदों पर खरी उतर पाएंगी? बता दें कि मोनोलॉग को लेकर अभी मेकर्स की तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# करण सर को मेरे साथ एक फिल्म करनी चाहिए : कंगना रनौत





हाल ही में अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने एक सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल में शिरकत की, जहां उन्होंने एक अप्रत्याशित बयान दिया। उन्होंने मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर को अपनी अगली फिल्म में काम करने का प्रस्ताव दिया।

कंगना ने शो के दौरान कहा, करण सर को मेरे साथ एक फिल्म करनी चाहिए। मैं एक बहुत अच्छी फिल्म बनाऊंगी और उन्हें उसमें एक अहम भूमिका दूंगी और हां, यह फिल्म सास-बहू के झगड़ों पर आधारित नहीं होगी। कंगना का यह बयान चौंकाने वाला है, क्योंकि करण जौहर और कंगना के बीच लंबे समय से मतभेद और विवाद रहे हैं। कंगना के इस बयान को बॉलीवुड में एक नई शुरुआत के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, करण जौहर की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन कंगना के इस बयान ने इंडस्ट्री और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है।

फिल्म इमरजेंसी को लेकर कंगना ने हाल ही में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा फिल्म के कुछ हिस्सों को हटाने के आदेश पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, मैं चाहती थी कि फिल्म बिना किसी कट के रिलीज हो, लेकिन सीबीएफसी ने जो बदलाव किए हैं, उससे फिल्म की कहानी या संदेश पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंगना ने यह भी स्पष्ट किया कि फिल्म का मुख्य संदेश, जो देशभक्ति और राजनीतिक चेतना पर आधारित है, पूरी तरह से बरकरार है। फिल्म इमरजेंसी देश के इतिहास के उस काले दौर को दिखाती है, जिसने भारतीय राजनीति और समाज को गहराई से प्रभावित किया। कंगना ने इसे अपने करियर की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना बताया है। कंगना के इस बयान और इमरजेंसी के रिलीज की तैयारियों ने एक बार फिर उन्हें सुर्खियों में ला दिया है।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि करण जौहर कंगना के इस प्रस्ताव पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं और फिल्म इमरजेंसी बॉक्स ऑफिस पर कितना धमाल मचाती है। मालूम हो कि कंगना रनौत इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म भारत के इतिहास के उस दौर पर आधारित है, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया था। कंगना ने फिल्म में इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है और फिल्म के निर्देशन और निर्माण की जिम्मेदारी भी खुद संभाली है।

## 'दीवानियत' में नकारात्मक भूमिका के बारे में रेवा कौरसे ने अनुभव साझा किए



छोटे परदे के शो दीवानियत में नकारात्मक किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रेवा कौरसे ने अपनी भूमिका को लेकर अनुभव साझा किए। अलीशा का किरदार निभाने वाली रेवा ने कहा कि नकारात्मक भूमिकाएं कलाकारों को भावनाओं के साथ प्रयोग करने का मौका देती हैं, जो सकारात्मक किरदारों में अक्सर सीमित होता है। उन्होंने कहा, अलीशा एक जटिल और बहु-स्तरीय किरदार है, जिसका डार्क पक्ष तलाशना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद रहा। दीवानियत की मौजूदा कहानी में अलीशा का देव (मुख्य किरदार) के प्रति जुनून अब हताशा में बदल चुका है। देव और मन्नत के बीच बढ़ते प्रेम को वह स्वीकार नहीं कर पा रही है और उनके रिश्ते में दरार लाने की कोशिश में जुटी है। रेवा ने कहा, देव के प्रति अलीशा का जुनून एक गहरी भावनात्मक उथल-पुथल से उपजा है, और इस यात्रा को निभाते हुए मैंने बहुत कुछ सीखा।

रेवा ने दर्शकों की प्रतिक्रिया पर खुशी जताते हुए कहा, मैं दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए आभारी हूं और उम्मीद करती हूं कि कहानी के आगे बढ़ने के साथ-साथ वे शो को समर्थन देते रहेंगे। 'दीवानियत' की कहानी मुख्यतः देव (विजयेंद्र कुमेरिया) और मन्नत (कृतिका सिंह यादव) के प्रेम के इर्द-गिर्द घूमती है। उनके परिवारों के बीच तनाव और संघर्ष कहानी को दिलचस्प बनाता है। शो का प्रीमियर 11 नवंबर 2024 को स्टार प्लस पर हुआ था और यह डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। यह धारावाहिक तमिल सीरीज 'ईरामना रोजवे' का हिंदी रीमेक है।

# 'द दिल्ली फाइल्स' को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई




आगामी फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। बालीवुड फिल्म निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म की निर्माता और प्रमुख अभिनेत्री पल्लवी जोशी इस प्रोजेक्ट के साथ एक बार फिर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं।

सूत्रों के मुताबिक, पल्लवी जोशी 'द दिल्ली फाइल्स' को जीवंत बनाने के लिए फिल्म के कलाकारों के साथ सेट पर 40-70 घंटे तक रिहर्सल करती हैं। वह प्रोडक्शन के हर पहलू में गहराई से शामिल रहती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि फिल्म की शूटिंग बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से चले। उनका यह समर्पण और व्यावहारिक नजरिया इस प्रोजेक्ट को बेहतरीन बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। एक सूत्र ने बताया, पल्लवी जोशी हर पहलू में बारीकी से शामिल होती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि प्रोडक्शन में सब कुछ सुचारू रूप से और कुशलता से चले। उनका फिल्म के प्रति प्रतिबद्धता और मेहनत वाकई अद्भुत है। फिल्म के निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री, जो सोशल मीडिया पर लगातार फिल्म से जुड़े पोस्ट शेयर करते रहते हैं, हाल ही में 'द दिल्ली फाइल्स' के बिहाइंड दी सीन्स वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया। उन्होंने इस वीडियो के साथ बताया कि फिल्म का हर एक सीन हिंदू नरसंहार की सच्चाई को सामने लाएगा। विवेक ने लिखा, "हर फ्रेम, हर कहानी, डिटेल - हिंदू नरसंहार की अनकही सच्चाई को बताने और आपके सामने रखने के लिए दिन-रात काम करने वाली हमारी टीम के जुनून, समर्पण और अथक प्रयास के साथ तैयार किया गया।

"उन्होंने आगे कहा, 'द दिल्ली फाइल्स' एक फिल्म से कहीं बढ़कर है, यह खामोश लोगों को आवाज देने का मिशन है। फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' का निर्देशन विवेक रंजन अग्निहोत्री ने किया है, और इसे अभिषेक अग्रवाल और पल्लवी जोशी ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, और यह तेज नारायण अग्रवाल और आई एम बुद्धा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी है।

## फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं, आत्मविश्वास के लिए भी जरूरीः सिमरन कौर



जमाई नंबर 1 में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सिमरन कौर फिटनेस फ्रीक हैं। अभिनेत्री ने बताया कि फिट रहने के लिए वह पिलेट्स (व्यायाम) और अच्छे-संतुलित आहार को अपनाती हैं। उनका कहना है कि उनकी फिटनेस ऑन-स्क्रीन भी उन्हें चुस्त-दुरुस्त दिखाती है।

अभिनेत्री ने बताया कि फिट रहने के लिए वह पिलेट्स (एक्सरसाइज) और अच्छे-संतुलित आहार को अपनाती हैं। उनका कहना है कि उनकी फिटनेस ऑन-स्क्रीन शानदार प्रस्तुति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

सिमरन ने कहा, मेरा मानना है कि फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं है। यह खुद को मजबूत और आत्मविश्वासी महसूस कराने के लिए भी है। पिलेट्स खास तौर पर मेरे लिए एक गेम-चेंजर रहा है। यह न केवल मुझे अपने शरीर को फिट बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि मुझे काम पर फोकस करने के साथ ही खुश भी रखता है।

शो में अपने किरदार रिद्धि के बारे में उन्होंने बताया कि उनका किरदार एक दृढ़ निश्चयी, दबंग लड़की का है, जो जानती है कि उसे क्या चाहिए।

# क्या पौधों पर आधारित डाइट से आती है कमजोरी? जानें इस मिथक की सच्चाई

पौधों पर आधारित डाइट को लेकर कई तरह के मिथक प्रचलित हैं, जिनमें से एक यह है कि यह डाइट कमजोरी का कारण बनती है। पौधों पर आधारित डाइट में फल, सब्जियां, अनाज और दालें शामिल होती हैं, जो पोषण के अच्छे स्रोत होते हैं। इस लेख में हम इस मिथक की सच्चाई को समझने की कोशिश करेंगे।

आइए जानते हैं कि कैसे यह डाइट आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकती है और इसके क्या प्रभाव होते हैं।

### पौधे आधारित डाइट के जरिए मिलते हैं सभी पोषक तत्व

पौधे आधारित डाइट में विटामिन, खनिज और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर के लिए जरूरी होते हैं। फल और सब्जियों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं।

इसके अलावा, अनाज और दालें प्रोटीन का अच्छा स्रोत होती हैं, जो मांसपेशियों के विकास के लिए अहम होते हैं।

सही संतुलन बनाए रखने से शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व मिलते रहते हैं, जिससे कमजोरी नहीं आती, बल्कि ऊर्जा बनी रहती है।

### क्या इस डाइट में होती है प्रोटीन की कमी?



अक्सर कहा जाता है कि पौधे आधारित डाइट से पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिलता, लेकिन यह सच नहीं है। दालें, चने और टोफू और टेम्पेह जैसे सोया उत्पाद प्रोटीन के अच्छे स्रोत होते हैं।

इनका नियमित सेवन करने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन मिल सकता है, जिससे मांसपेशियां मजबूत रहती हैं और कमजोरी महसूस नहीं होती।

सही संयोजन बनाकर खाने से सभी आवश्यक अमीनो एसिड भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो शरीर के लिए जरूरी होते हैं।

### क्या इस डाइट से कम हो जाती है ऊर्जा?

पौधे आधारित डाइट अपनाने वाले लोग अक्सर ऊर्जा कम होने की शिकायत करते हैं, लेकिन इसका कारण गलत खान-पान होता है न कि खुद आहार प्रणाली।

सही समय पर भोजन करना और संतुलित मात्रा में कार्बोहाइड्रेट्स लेना ऊर्जा स्तर बनाए रखने में मदद करता है।

ब्राउन राइस या ओट्स जैसे साबुत अनाज खाने से लंबे समय तक ऊर्जा मिलती रहती है, जिससे आप दिनभर सक्रिय रह सकते हैं और बिना थकावट महसूस किए काम कर सकते हैं।

### इस डाइट का मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है सकारात्मक प्रभाव

शोध बताते रहे हैं कि पौधे आधारित डाइट मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। फल और सब्जियों का सेवन करने से तनाव कम होता है और मूड बेहतर बनता है।

इसके अलावा, इस की डाइट अपनाने से नींद भी अच्छी आती है, जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, दोनों पर असर डालती है।


जब आप इस तरह की डाइट लेकर अच्छा महसूस करते हैं, तो आपकी कार्यक्षमता भी बढ़ जाती है और आप ज्यादा ऊर्जावान रहते हैं।

# ऐश्वर्या और सुष्मिता को दी कड़ी टक्कर, ग्लैमर की दुनिया को ठोकर मार बौद्ध भिक्षु बनी ये एक्ट्रेस

आज हम आपको बॉलीवुड की एक ऐसी अभिनेत्री और मॉडल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने ग्लैमर की दुनिया को ठुकरा दिया और बौद्ध भिक्षु बन गईं। एक जमाने में यह अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और सुष्मिता सेन को टक्कर दिया करती थीं। आइए जानते हैं वह कौन हैं?

इन दिनों हर्षा रिछारिया 'सुंदर साध्वी' के नाम से चर्चा में है। कहा जा रहा है कि वह साध्वी बन गई हैं। हालांकि, उन्होंने अपने एक हालिया बयान में कहा कि वह साध्वी नहीं हैं।

हर्षा एक सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर हैं। बात जब साध्वी या संन्यासी बनने की चली है तो आज हम आपको एक ऐसी ही मॉडल और अभिनेत्री के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने ग्लैमर और चकाचौंध की दुनिया को छोड़कर संन्यास का रास्ता अपना लिया। कभी यह मॉडल ऐश्वर्या राय और सुष्मिता सेन जैसी सुंदरियों को कड़ी टक्कर दिया करती थीं। हम बात कर रहें हैं पूर्व मॉडल और अभिनेत्री बरखा मदान की, जिन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया और अपने जीवन में एक परिवर्तन ले आईं और बौद्ध भिक्षु बन गईं।



**बौद्ध भिक्षु बनने के बाद बदला नाम**

पूर्व मॉडल और अभिनेत्री बरखा मदान अब एक बौद्ध भिक्षु के रूप में रह रही हैं। अब उनका नाम भी बदल चुका है। बरखा अब 'ग्यालटेन समतेन' के नाम से जानी जाती हैं। उनकी यात्रा एक आध्यात्मिक बदलाव को दर्शाती है, क्योंकि वह खुद को एक नए मार्ग ले आई हैं। बरखा अपने सोशल मीडिया पर बौद्ध धर्म से जुड़ी वीडियोज भी साझा करती रहती हैं।

# शादी से पहले चाहती हैं बेदाग और निखरी त्वचा? इस स्वस्थ पेय का करें सेवन

शादी का दिन हर महिला के जीवन का सबसे खास दिन होता है, जिस पर वे सुंदर दिखना चाहती हैं।

हालांकि, बदलते मौसम, तनाव और गलत खान-पान के चलते दुल्हन की त्वचा अस्वस्थ हो सकती है और चेहरे की रोनक कम जाती है।

ऐसे में अगर आप चाहती हैं कि शादी वाले दिन आपकी त्वचा निहरी हुई नजर आए, तो इस स्वस्थ पेय का सेवन करें।


शादी के टिप्स में इस पेय की रेसिपी और लाभ जानते हैं।

**जानिए कैसे बनता है यह स्वस्थ पेय**

इस पेय की रेसिपी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और इसे बनाना भी आसान है। इसके लिए आपको एक कप चुकंदर, एक कप अनार दानें, एक कप खीरा, एक कप पुदीने के पत्ते, नींबू और 2 कप पानी की जरूरत पड़ेगी।

सब्जियों को टुकड़ों में काट लें और सभी सामग्रियों को जग में डाल दें। इसे रातभर रखा रहने दें और सुबह उठकर इसका सेवन करें।

आप इसे दिनभर एक डिटॉक्स पेय की तरह पी सकती हैं।



त्वचा होती है हाइड्रेट

अगर आप त्वचा को निखरा हुआ बनाना चाहती हैं तो उसे हाइड्रेट करना बेहद जरूरी है। इसके लिए आप इस पेय को डाइट का हिस्सा बना सकती हैं।

इसके सेवन से त्वचा कोशिकाओं को नमी मिलेगी और कोलेजन और इलास्टिन जैसे प्रोटीन की संख्या बढ़ेगी।

इस पेय के जरिए आप शुष्क और रूखी त्वचा की समस्या से भी निजात पा सकेंगी और त्वचा का रूखापन भी बंद हो जाएगा।

**शादी से पहले दूल्हे इस तरह रखें त्वचा का ख्याल।**

**बढ़ती उम्र के लक्षण होते हैं कम**

कई महिलाओं की त्वचा पर समय से पहले ही बुढ़ापे के लक्षण नजर आने लगते हैं। अगर आप भी इस समस्या का शिकार हो गई हैं तो शादी से पहले चुकंदर और खीरे वाले पेय का सेवन जरूर करें।

इस पेय में एंटी-एजिंग प्रभाव होते हैं, जो झुर्रियों और झाइयों को मिटाने में मदद कर सकते हैं।

इसके नियमित सेवन से चेहरे पर नजर आने वाली महीन रेखाएं भी दूर होने लगती हैं और समान रंगत मिलती है।

त्वचा की सूजन होती है कम

सूजन के कारण त्वचा अस्वस्थ हो जाती है और चेहरा बड़ा दिखने लगता है। इसके कारण कई महिलाओं के चेहरे पर मुंहासे भी निकलने लगते हैं।

हालांकि, इस पेय के जरिए सूजन को आसानी से कम किया जा सकता है। इसमें इस्तेमाल होने वाला चुकंदर अपने एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभावों के लिए जाना जाता है, जिससे लालपन भी कम हो सकता है।

यही प्रभाव खीरे में भी पाए जाते हैं, जिसके जरिए हाइड्रेशन भी बढ़ता है।

**मिलता है प्राकृतिक निखार**

शादी की तैयारों के कारण तनाव होना आम बात है, लेकिन इसके चलते दुल्हन की त्वचा की चमक कहीं खो जाती है।

अगर आप रोजाना इस पेय का सेवन करेंगी, तो आपकी त्वचा का खोया हुआ निखार लौट आएगा। इसमें एंटीऑक्सिडेंट्स, मिनरल और विटामिंस मौजूद होते हैं, जो त्वचा को अंदरूनी तौर पर पोषण देने का काम करते हैं।

## बढ़ने वाली है क्रिकेटर्स की बीवियों की मुश्किलें, बड़े बदलाव की तैयारी में बीसीसीआई

नईदिल्ली, (आरएनएस)। टीम इंडिया का ऑस्ट्रेलिया दौरा बहुत ही निराशाजनक रहा, जहां भारत को 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा. बीजीटी की रिव्यू मीटिंग हो चुकी है, जिसमें हार के मुद्दों पर चर्चा हुई होगी. लेकिन, इसके बाद रिपोर्ट्स के हवाले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है की बीसीसीआई क्रिकेटर्स की फैमिली को लेकर सख्त नियम बनाने की तैयारी में है. तो आइए आपको बताते हैं की बोर्ड क्या प्लानिंग कर रहा है...भारतीय क्रिकेटर्स अपने परिवार के साथ विदेश दौरे पर जाते हैं. जी हां, पिछले कई सालों से ऐसा ही चला आ रहा है. लेकिन, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मिली करारी हार के बाद बीसीसीआई इस पर बड़ा फैसला लेने की तैयारी में है. रिपोर्ट्स की मानें, तो बोर्ड कुछ नई गाइडलाइंस जारी कर रहा है, जिसके तहत विदेश दौरे के दौरान खिलाड़ियों के लिए परिवार से मिलना कम हो जाएगा. किसी भी खिलाड़ी की पत्नी पूरे दौरे के लिए नहीं रह पाएंगी. 45 दिनों के टीम इंडिया के दौरे के दौरान पत्नी या परिवार के सदस्य अधिकतम 14 दिन तक ही रह सकते हैं. हालांकि क्रिकेटर परिवार के सदस्यों की मौजूदगी चाहते हैं. मगर, बोर्ड ये फैसला क्रिकेटर्स का पूरा फोकस गेम पर रखने के लिए ये फैसला लेने जा रहा है। पिछले कुछ वक्त से देखा जा रहा है की क्रिकेटर्स अपनी सुविधा के अनुसार अलग-अलग बैच में विदेशी दौरों के लिए रवाना होते हैं. मगर, अब बोर्ड पूरी टीम का एक साथ ट्रैवल करना अनिवार्य करने जा रहा है. ऑस्ट्रेलिया सीरीज के दौरान, खिलाड़ियों को एक शहर से दूसरे शहर में अलग-अलग ट्रैवल करते देखा गया था।

## रोहित शर्मा और गौतम गंभीर के बीच नहीं है सब ठीक? बीसीसीआई की तरफ से आया बड़ा बयान

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर पिछले काफी वक्त से ऐसी खबरें आ रही हैं की हेड कोच गौतम गंभीर और चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर के साथ उनके मनभेद हैं. लेकिन, अब बीसीसीआई की ओर से इसपर एक बयान सामने आया है, जिसे पढ़कर आपको क्लीयर हो जाएगा की इन रिपोर्ट्स में कितनी सच्चाई है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने गौतम गंभीर और अजीत अगरकर के साथ रोहित शर्मा के बीच मदभेद की खबरों पर प्रतिक्रिया दी है. उनका कहना है कि, चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर और कोच के बीच कोई मतभेद नहीं है, कप्तान और हेड कोच के बीच कोई मतभेद नहीं है. यह सब बकवास है, जो मीडिया के एक वर्ग में फैलाया जा रहा है। हाल ही में बीसीसीआई ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज की रिव्यू मीटिंग की थी, जिसमें रोहित शर्मा ने भी हिस्सा लिया था. वहीं, से रिपोर्ट्स सामने आ रही थीं की हिटमैन ने बोर्ड से बतौर कप्तान वक्त मांगा है। मगर, राजीव शुक्ला ने इन खबरों को भी सिरे से नकार दिया और कहा, यह भी गलत है कि रोहित ने कप्तानी पर जोर दिया है. वह कप्तान हैं. फॉर्म या फॉर्म की कमी खेल का हिस्सा और पार्सल है. ये चरण हैं, कुछ भी नया नहीं है. जब उन्होंने देखा कि वह आउट ऑफ फॉर्म हैं तो उन्होंने पांचवें टेस्ट से खुद को बाहर कर लिया।

## अब आईपीएल में अनुशासन तोड़ना पड़ेगा भारी

मुम्बई (ए)। अगले माह होने वाले आईपीएल 2025 में अनुशासन तोड़ना अब खिलाड़ियों को भारी पड़ेगा। आईपीएल प्रबंधन ने मैदान पर खिलाड़ियों के अनुशासन से जुड़े कई नियम अब पहले से अधिक सख्त कर दिए गए हैं। अब आईपीएल में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की आचार संहिता का पालन किया जाएगा। रविवार को हुई गर्वनिंग काउंसिल की बैठक में ये अहम फैसला लिया गया। इसके तहत लेवल 1,2 और 3 के उल्लंघन पर खिलाड़ियों को आईसीसी के नियमों के मुताबिक सजा दी जाएगी। पहले लीग के अपने नियम होते थे, लेकिन अब आईसीसी द्वारा निर्धारित कोड ऑफ कंडक्ट लागू किया जाएगा।




## इस साल भारत में होगी जूनियर विश्व कप निशानेबाजी



नई दिल्ली (ए)। भारत इस साल जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें । यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी।''उन्होंने कहा, ''हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। '' वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है।

## स्मिथ ने माना कि सिडनी में 10,000 रन बनाने का दबाव उन पर भारी पड़ा

मेलबर्न, (आरएनएस) ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया कि भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के एससीजी टेस्ट के दौरान 10,000 रन बनाने का दबाव उन पर काफी भारी पड़ा।स्मिथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बन जाते। हालांकि, वे इस उपलब्धि तक पहुंचने से एक रन से चूक गए क्योंकि उन्होंने दो पारियों में 33 और 4 रन बनाए। स्मिथ ने स्वीकार किया कि हालांकि वे आम तौर पर सांख्यिकीय उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित करने से बचते हैं, लेकिन 10,000 रनों के महत्व ने इसे एक अलग चुनौती बना दिया और मैच से पहले उनकी नींद भी प्रभावित हुई।

# बुमराह का अगला कप्तान बनना तय, उपकप्तानी के लिए ऋषभ और यशस्वी दावेदार




मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के अगले कप्तान के लिए जसप्रीत बुमराह का नाम एक प्रकार से तय है। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के पहले टेस्ट में भी कप्तानी की थी। बुमराह की राह में सबसे बड़ी बाधा उनकी फिटनेस हैं जिसके कारण उन्हें कप्तानी में समस्या आ सकती है। ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी अंतिम टेस्ट में उन्हें कप्तानी मिली थी पर पीठ में एंठन के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा था। इस साल जून में टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे में भी बुमराह ही कप्तानी करते दिख सकते हैं पर जिस प्रकार से उनकी फिटनेस को लेकर संश बना रहता है। चयनकर्ता उपकप्तानी के लिए दो योग्य दावेदारों की तलाश कर रही है जो जरुरत पड़ने पर कप्तानी भी संभाल सकें। अभी उपकप्तानी के लिए दो नाम सामने आ रहे हैं। इसमें से एक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और दूसरा युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का नाम शामिल है।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की रविवार को हुई आम बैठम में भी रोहित शर्मा की जगह कप्तानी के सबसे बड़े दावेदार के तौर पर जसप्रीत बुमराह उभरे हैं। बुमराह ने अब तक तीन टेस्ट मैचों में कप्तानी की है। इनमें से उन्हें एक मैच में जीत मिली है और दो मैच हारे हैं। ऐसे में सभी के सामने सवाल है कि तेज गेंदबाजी के बोझ और कप्तानी के भार को वे एकसाथ कैसे संभालेंगे। इसी वजह से चयनकर्ता अपना प्लान बी भी तैयार रख रहे हैं और युवाओं को उपकप्तानी सौंपने पर विचार कर रहे हैं।

# रोहित शर्मा वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए

मुंबई, (आरएनएस)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 23 जनवरी से शुरू होने वाले 2024-25 रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले प्रशिक्षण सत्रों के लिए मुंबई की टीम में शामिल हो गए हैं। टीम ने मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में दो घंटे का सेंटर-विकेट अभ्यास सत्र आयोजित किया और जम्मू-कश्मीर के खिलाफ अपने छठे दौर के घरेलू मैच की तैयारी के लिए पूरे सप्ताह प्रशिक्षण जारी रखने के लिए तैयार है।

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में भारत की 1-3 की हार में बल्ले से संघर्ष किया था। भारत न केवल एक दशक में पहली बार ट्रॉफी बरकरार रखने में विफल रहा, बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में लगातार तीसरी बार स्थान बनाना भी गंवा दिया।

रोहित, जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण श्रृंखला का पहला टेस्ट चूक गए थे, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पांचवें टेस्ट में आराम करने का विकल्प चुनने से पहले पांच पारियों में 10 रन से अधिक स्कोर करने में विफल रहे। उन्होंने सीरीज में केवल 31 रन बनाए और अपने खराब प्रदर्शन के कारण सार्वजनिक जांच के दायरे में आए।

मुंबई के आगामी रणजी मैच में रोहित की भागीदारी अनिश्चित बनी हुई है। हालांकि, मुख्य कोच ओमकार साल्वी के परामर्श से टीम के साथ प्रशिक्षण लेने का उनका निर्णय, कम से कम दो शेष मैचों में से एक के लिए संभावित उपलब्धता का संकेत देता है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) द्वारा इस सप्ताह के अंत में टीम की घोषणा किए जाने की उम्मीद है।रोहित के बचपन के कोच दिनेश लाड ने भी सलामी बल्लेबाज को लाल गेंद वाले क्रिकेट में फॉर्म में लौटने के लिए घरेलू मैच खेलने की सलाह दी।




लाड ने  से कहा था,मुझे लगता है कि रोहित के केवल दो लक्ष्य हैं - पहला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतना और दूसरा वनडे विश्व कप जीतना। अगर वह चाहते तो उन्हें सभी प्रारूपों (टी20 विश्व कप खिताब के बाद) से संन्यास ले लेना चाहिए था, लेकिन उन्होंने केवल टी20 क्रिकेट से संन्यास लिया। वह एकमात्र क्रिकेटर नहीं हैं जो रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्हें टेस्ट मैचों की तैयारी के लिए एक या दो घरेलू मैच खेलने चाहिए।द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता ने कहा, टी20 क्रिकेट की वजह से बल्लेबाजों की मानसिकता बदल गई है। वह तकनीकी रूप से मजबूत क्रिकेटर है और पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ उसने अच्छे रन बनाए थे। अगर हम जीतते हैं, तो लोग रोहित को सर्वश्रेष्ठ कप्तान कहते हैं, लेकिन जब हम हारते हैं तो लोग कहते हैं कि उसे कप्तानी नहीं आती।एससीजी टेस्ट के बाद, भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट खिलाड़ियों के घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में भाग लेने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने रोहित और विराट कोहली के टेस्ट भविष्य पर अटकलें लगाने से भी परहेज किया, क्योंकि हाल के दिनों में विराट कोहली भी अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

जब उनसे लाल गेंद वाले क्रिकेट में टीम के लिए दीर्घकालिक रोडमैप के बारे में पूछा गया और क्या युवाओं में निवेश करने का समय आ गया है, तो गंभीर ने कहा, देखिए, इस बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी। सीरीज अभी खत्म हुई है। मुझे लगता है कि हमें अभी पांच महीने और योजना बनाने हैं कि हम किस दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं। लेकिन अभी इस बारे में बात करने का सही समय नहीं है।



# जंगल की आग : लॉस एंजिल्स के लिए नए जोखिम पैदा कर सकती हैं तेज हवाएं



लॉस एंजिल्स (आरएनएस)। अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के जंगलों से फैली आग ने लॉस एंजेलिस में तबाही मचा दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शहर की मुश्किलें अभी और बढ़ सकती हैं।लॉस एंजिल्स क्षेत्र में विनाशकारी जंगल की आग से जूझते हुए अग्निशमन दल को परेशानियों की सामना करना पड़ सकता है। यहां आने वाले दिनों में हवाएं तेज होने की उम्मीद है, जिससे बचाव कार्यों में परेशानी आ सकती है।

स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि तेज हवाएं और लगातार शुष्क मौसम क्षेत्र में आग के खतरे को बढ़ा रहे हैं। रविवार को उत्तर-पूर्वी हवा की गति 50 मील (लगभग 80 किमी) प्रति घंटे से अधिक हो गई, और आने वाले दिनों में सांता एना की तेज हवाएं भी चलने का अनुमान है।वहीं, लॉस एंजेलिस काउंटी के फायर चीफ एंथनी मार्रोन ने कहा कि ये हवाएं लॉस एंजेलिस काउंटी में आग के खतरे को और बढ़ा देंगी।

कैलिफोर्निया के वानिकी और अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार लॉस एंजेलिस काउंटी में अभी भी तीन जंगलों आग लगी हुई है, जो लगभग 40,300 एकड़ (लगभग 163 वर्ग किमी) को जलाकर राख कर रही है।आग से मरने वालों की संख्या रविवार तक बढ़कर 24 हो गई है। इनमें आठ लोग पैलिसेड्स की आग (सांता मोनिका के पहाड़ों पर) से और 16 लोग ईटन की आग (अल्टाडेना इलाके में) से मारे गए हैं। कैलिफोर्निया के वानिकी और अग्नि सुरक्षा विभाग ने बताया कि दो सबसे बड़ी आगों पर 11 प्रतिशत और 27 प्रतिशत काबू पा लिया गया है।

## दक्षिण-पूर्वी ब्राजील में भारी बारिश से 11 लोगों की मौत

रियो डी जेनेरिय (आरएनएस)। दक्षिण-पूर्वी ब्राजील में भारी बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। भारी बारिश के चलते यहां 11 लोगों की मौत हो गई है।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी ब्राजील में भारी बारिश के कारण रविवार को कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में से नौ की मौत सुबह मिनास गेरैस राज्य के घाटी क्षेत्र में भूस्खलन के कारण हुई।

राज्य अग्निशमन विभाग के अनुसार, इपेटिंगा शहर में भूस्खलन के कारण नौ लोगों की मौत हो गई और एक लापता हो गया। शहर में एक घंटे से भी कम समय में प्रति वर्ग मीटर 80 मिलीमीटर बारिश के बाद शहर भूस्खलन और बाढ़ दोनों की चपेट में आ गया। इसको लेकर स्थानीय अधिकारियों ने 180-दिवसीय सार्वजनिक आपदा की स्थिति घोषित की।

## *जो बाइडेन ने राष्ट्रपति रहते हुए विदेश नीति पर दिया अपना अंतिम भाषण, जानें क्या-क्या कहा?*

*वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अमेरिका विश्व में जारी प्रतिस्पर्धा में परचम लहरा रहा है, जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। फॉगी बॉटम स्थित अमेरिकी विदेश विभाग के मुख्यालय में विदेश नीति पर बाइडेन ने राष्ट्रपति रहते हुए अपना अंतिम भाषण दिया जिसमें उन्होंने अपने प्रशासन की उपलब्धियों और पिछले चार वर्षों में दुनिया में आए बदलावों पर प्रकाश डाला। संकटों का डटकर किया सामना जो बाइडेन ने कहा, ''एक नया दौर शुरू हो गया है। इन चार वर्षों में कई संकट आए जिनका हमने डटकर सामना किया। मेरे विचार में, हम इस संकट को दौर में हम पहले से कहीं अधिक मजबूती के साथ उभरे हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, मानवीय मूल्यों का भविष्य और बाकी बहुत कुछ यह एक तेजी से बढ़ती प्रतिस्पर्धा है (जो चल रही है)। मैं हमारे प्रशासन का आभार व्यक्त करता हूं कि अमेरिका वैश्विक प्रतिस्पर्धा में परचम लहरा रहा है।'' बाइडेन ने कहा कि अमेरिका अधिक मजबूत हुआ है, उसके साझेदारों से संबंध भी मजबूत हुए हैं जबकि उसके प्रतिद्वंद्वियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा, ''हमने इसके लिए कोई युद्ध नहीं किया। राष्ट्रपति रहने के दौरान, मैंने हर तरह से अमेरिका की ताकत को बढ़ाया है। हमने अपनी कूटनीतिक ताकत को बढ़ाया और देश के इतिहास में अमेरिका ने अब तक के सबसे अधिक साझेदार बनाए हैं।'' बाइडेन ने कहा कि उनके और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के पदभार संभालने के बाद से अमेरिका ने ''देश तथा दुनिया में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।''*

## गाजा में विस्फोट से पांच इजरायली सैनिकों की मौत, आठ घायल

यरूशलम (आरएनएस) । इजरायल की सेना ने बताया कि गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में एक इमारत में हुए धमाके से पांच सैनिक मारे गए और 8 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस धमाके से इमारत गिर गई, लेकिन इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं है। सेना ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। एजेंसी के अनुसार, एक बयान में सेना ने बताया कि मारे गए सैनिकों में से सभी नहाल ब्रिगेड के रेकॉनेसेन्स बटालियन के थे। इनमें 23 वर्षीय दल के कमांडर भी शामिल थे। घायल हुए 8 सैनिक भी इसी बटालियन के हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद अक्टूबर 2023 से चल रहे युद्ध में मारे गए इजरायली सैनिकों की कुल संख्या 840 हो गई है।

घटना के समय इजरायल और हमास के बीच कतर के दोहा में अप्रत्यक्ष वार्ता चल रही थी, जिसमें 15 महीने से ज्यादा समय से लंबी लड़ाई के बाद संघर्ष विराम समझौता करने की कोशिश की जा रही है। सोमवार को हमास के सशस्त्र विंग, अल-कसम ब्रिगेड्स ने दावा किया कि उन्होंने पिछले 72 घंटों में उत्तरी गाजा पट्टी में 10 से अधिक इजरायली सैनिकों को मार दिया है।

## जापान में भूकंप से हिली धरती, सुनामी की चेतावनी से डरे लोग

टोक्यो (आरएनएस) । जापान के क्यूशू द्वीप पर 6.9 तीव्रता का भूकंप आया है। इस भूकंप के बाद जापान ने सुनामी की चेतावनी जारी की है। इस साल अभी तक ये दूसरा बड़ा भूकंप है। इससे पहले तिब्बत में विनाशकारी भूकंप आया था। अधिकारियों ने कई इलाकों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की, लेकिन किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं मिली। हालांकि भूकंप के बाद मियाजाकी में 20 सेमी ऊंची सुनामी देखी गई। यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएससी) के मुताबिक, भूकंप की गहराई 37 किलोमीटर थी। जापान में अक्सर भूकंप आते रहते हैं, क्योंकि यह प्रशांत बेसिन में ज्वालामुखियों और फॉल्ट लाइनों के एक चाप रिंग ऑफ फायर के साथ स्थित है। जापान में 2004 में भीषण भूकंप के बाद सुनामी आई थी। इस सुनामी ने जापान को इतना दर्द दिया, जिसे लोग आज भी नहीं भूल पाए हैं। 26 दिसंबर, 2004 को भूकंप के बाद आई सुनामी के कारण जापान में हजारों लोगों की मौत हुई थी।

## उत्तरी युगांडा में हैजा का प्रकोप, एक की मौत, 60 लोग अस्पताल में भर्ती

कंपाला (आरएनएस) । उत्तरी युगांडा के लाम्वो जिले में हैजा के प्रकोप से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 60 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। जिले के स्वास्थ्य अधिकारी डेनिस ओकुला ने बताया कि शुरुआती मामले पिछले हफ्ते अगोरो सब-काउंटी में सामने आए। एजेंसी के अनुसार, सभी मरीजों में उल्टी, पतले दस्त, शरीर में कमजोरी और डिहाइड्रेशन के लक्षण देखे गए, लेकिन बुखार नहीं था। सैंपल जांच के बाद 10 जनवरी को 7 मामलों में हैजा की पुष्टि हुई। ओकुला के अनुसार, खराब स्वच्छता और असुरक्षित जल स्रोतों के उपयोग के कारण यह बीमारी फैली है।

# सोने की खदान में फंस गए मजदूर, कम से कम 100 लोगों की मौत

दक्षिण अफ्रीका (आरएनएस) । क्षिण अफ्रीका से हादसे की हैरान कर देने वाली घटना निकलकर सामने आ रही है। यहां एक समूह ने जानकारी दी है कि दक्षिण अफ्रीकी खदान में फंसने से कम से कम 100 अवैध खनिकों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, ये सभी मजदूर दक्षिण अफ्रीका में एक सोने की खदान में अवैध रूप से खनन कर रहे थे। अब खबर आई है कि इनमें से कम से कम 100 मजदूरों की मौत हो गई है।

### क्या है पूरा मामला ?

खान में फंसे मजदूरों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक समूह ने सोमवार को बताया है कि ये मजदूर महीनों तक भूमिगत खान में फंसे हुए थे। लंबे समय तक खान में फंसे रहने के बाद इनकी मौत हो गई है। पुलिस ने बड़ी संख्या में खान में फंसे हुए मजदूरों को बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन वे इसमें कामयाब न हो सके।



### दर्जनों शव दिखाई दिए

एपी के मुताबिक, माइनिंग अफेक्टेड कम्युनिटीज यूनाइटेड इन एक्शन ग्रुप के प्रवक्ता सबेलो म्नुनी ने बताया है कि कुछ बचाए गए खनिकों के साथ शुक्रवार को सतह पर भेजे गए एक मोबाइल फोन में दो वीडियो थे। इस वीडियो में जमीन के नीचे खान में प्लास्टिक में लिपटे दर्जनों शव दिखाई दे रहे थे। ग्रुप के प्रवक्ता ने कहा है कि उत्तर पश्चिम प्रांत में खदान में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने खनिकों को बाहर निकालने के लिए पहली बार नवंबर महीने में एक अभियान शुरू किया था।

# ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से पहले उत्तर कोरिया की उकसावे वाली कार्रवाई, छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

सोल (ए.) । उत्तर कोरिया ने मंगलवार को पूर्वी सागर की ओर कई छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने यह दावा किया।यह कार्रवाई अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार ग्रहण करने से कुछ ही दिन पहले की गई है। वह 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे।संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने उत्तर कोरिया के जगांग प्रांत के गंग्ये इलाके से सुबह करीब 9ः30 बजे मिसाइलें दागी गईं। मिसाइलें समुद्र में गिरने से पहले करीब 250 किलोमीटर तक उड़ीं।जेसीएस ने दागी गई मिसाइलों की संख्या नहीं बताई।मंगलवार के प्रक्षेपण प्योंगयांग की तरफ से दूसरी उकसावे वाली कार्रवाई है। इससे पहले 6 जनवरी को उसने हाइपरसोनिक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी।छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों की रेंज को देखते हुए आमतौर पर इन्हें दक्षिण कोरिया के लिए खतरा मना जाता है।उत्तर कोरिया ने पिछले साल 5 नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से कुछ ही घंटे पहले कई छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं।साल के अंत में आयोजित पार्टी बैठक में उत्तर कोरिया ने ऐलान किया कि वह अमेरिका के प्रति सबसे कठोर जवाबी कार्रवाई की रणनीति अपनाएगा। उसने दावा किया कि दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के बीच सैन्य सहयोग दरअसल आक्रामकता के लिए एक सैन्य गुट है।

जेसीएस ने नवीनतम प्रक्षेपण की निंदा करते हुए इसे स्पष्ट उकसावे वाला कदम बताया, जो कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और स्थिरता के लिए खतरा है।जेसीएस ने कहा, हमारी सेना ने अपनी निगरानी और सतर्कता को मजबूत कर दिया है, साथ ही उत्तर कोरियाई मिसाइल के बारे में जानकारी को अमेरिका और जापानी पक्षों के साथ साझा किया है और पूरी तरह से तैयार रहने की मुद्रा बनाए रखी है। दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने उत्तर कोरिया के नवीनतम प्रक्षेपण की निंदा की। उन्होंने इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का स्पष्ट उल्लंघन बताया।



# प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

## जलियावाला बाग की तरह पावन है सीहोर का यह शहीद स्थल - कलेक्टर श्री सिंह



सीहोर (निप्र)। सीहोर के सैकड़ाखेड़ी स्थित शहीद स्थल पर शहीद हुए क्रांतिकारियों की याद में श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक सुदेश राय, कलेक्टर प्रवीण सिंह, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने शहीद स्थल पहुंचकर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रगान भी गाया गया। इस अवसर पर विधायक श्री राय ने कहा कि आज का दिन सीहोर के लिए एक ऐतिहासिक दिन के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी 1858 को सीहोर में स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम में 356 क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। अंग्रेजी शासन के खिलाफ मध्य भारत में चल रहे विद्रोह में सीहोर की बर्बरतापूर्ण घटना को जलियांवाला बाग हत्याकांड की तरह माना जाता है। दस मई 1857 को मेरठ की क्रांति से पहले ही सीहोर में क्रांति की ज्वाला सुलग गईं थी। उन्होंने कहा कि सीहोर का यह स्थल हम सबके लिए पवित्र स्थान है। विधायक श्री राय ने कहा कि उनकी शहादत को अमर बनाए रखने के लिए इस स्थल का समग्र विकास किया जा रहा है।

इस अवसर पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि शहीदों की इस पावन धरा को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जलियांवाला बाग देश की स्वतंत्रता में शहीदों द्वारा दिए गए प्राणों के बलिदान की गवाही देता है तथा वहां पहुंचकर नागरिकों को अपने देश के वीर शहीदों की स्मृतियां दिखाई देती हैं। इसी प्रकार सीहोर में स्थित इस पावन शहीद स्थल पर विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे है जो नागरिकों के लिए प्रेरणा और गरिमा का स्त्रोत बनेगा। उन्होंने स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुती देने वाले 356 क्रांतिकारियों को नमन करते हुए कहा कि यह क्रांती हिंदू-मुस्लिम एकता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

इस क्रांति मे शामिल क्रांतिकारियों का यह मानना था कि सबसे पहले हमारा देश है, देश से बढ़कर कुछ नही है। हमारे इन वीर क्रांतिकारियों से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए एवं देश की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने भी संबोधित किया। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने इस अवसर पर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देने वाली संगीतिका संगीत महाविद्यालय की टीम को 11 हजार रूपये के पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषण की। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य सीताराम यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल अरोरा, राजकुमार गुप्ता, सुदीप प्रजापति, आनंद गांधी, अशीष गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने शहीदों को श्रद्धांजली दी।

### शहीद स्थल पर किए जा रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

कार्यक्रम के पश्चात विधायक सुदेश राय एवं कलेक्टर प्रवीण सिंह ने शहीद स्थल पर किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने एक-एक कार्य का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को कार्य की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## वरिष्ठजनों के लिये उम्मीदों की किरण बना भरण-पोषण अधिनियम

सीहोर (निप्र)। वरिष्ठजनों के लिये भरण-पोषण अधिनियम-2007 सहायक बन कर सामने आया है। जिस प्रकार उम्र बढने पर सहारे के लिये लाठी की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार यह अधिनियम वरिष्ठजनों के लिये सहारे की लाठी बन कर उभरा है।वरिष्ठ अभिभावकों की कठिनाइयाँ दूर करना उद्देश्य अधिनियम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठजनों और अभिभावकों को समर्थन प्रदान करने वाली व्यवस्था की रचना करना है , जिससे वे एक विशेष ट्रिब्यूनल (अधिकरण) के समक्ष निर्धारित 90 दिन की समय-सीमा के अंदर भरण-पोषण के अधिकार को सुलभता और शीघ्रता से प्राप्त कर सकें। माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम-2007 प्रदेश में 23 अगस्त, 2008 से लागू है। इसमें वे अभिभावक और वरिष्ठ नागरिक जो अपनी आय अथवा सम्पत्ति द्वारा होने वाली आय से अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं, अपने वयस्क बच्चों अथवा संबंधियों से भरण-पोषण प्राप्त करने के लिये आवेदन कर सकते हैं। भरण-पोषण में समुचित भोजन, आश्रय, वस्त्र, चिकित्सा एवं मनोरंजन सुविधाएँ शामिल हैं।

## सवा करोड़ से अधिक रुद्राक्षों को किया जाएगा अभिमंत्रित


### कुबेरेश्वरधाम पर अब नहीं आएगी श्रद्धालुओं को दिक्कत, कुंभ की तर्ज पर किया इंतजाम



सीहोर (निप्र)। जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आगामी 25 फरवरी से होने वाले सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर विठलेश सेवा समिति के द्वारा तैयारियां एक माह पूर्व से शुरू कर दी है। इसको लेकर मंगलवार को शहर के लुनियापुरा चौराहा स्थित एक निजी गार्डन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया था। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने शहर सहित आस-पास से आए पत्रकार बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए प्रशासन, क्षेत्रवासी और समितियां पूरी तरह से एकजुट है और सात दिवसीय महोत्सव में सुबह रुद्राक्ष से बनाए गए शिवलिंग का अभिषेक किया जाएगा, इसके अलावा दोपहर में कथा और रात्रि में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस बार रुद्राक्ष महोत्सव में सवा करोड़ से अधिक रुद्राक्षों को अभिमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चाय, नश्ते, भोजन, पेयजल, शौचालय और वाहनों के पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी।मंगलवार को पत्रकारवार्ता के दौरान समिति की ओर से जानकारी देते हुए पंडित समीर शुक्ला ने बताया कि कथा स्थल पर ही श्रद्धालुओं को बैठने और ठहराने आदि के लिए चार डोम का निर्माण किया जाएगा। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं कथा का श्रवण कर सकते है। इसके अलावा बीस एकड़ से अधिक में कमरे आदि का निर्माण किया जा रहा है। वहीं हजारों की संख्या में सेवादार अपनी सेवा देंगे।प्रेसवार्ता के दौरान पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि उप्र में कुंभ चल रहा है। जिसके कारण बड़ी संख्या में भगवान शिव की पवित्र भूमि कुबेरेश्वरधाम में आऐंगे, इस साल पिछले साल के अनुमान से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

## सर्वोच्च भावना से बनते हैं तीर्थंकर : मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज

### धर्मात्मा के प्रति वैसा अनुराग रखना जैसा गौमाता अपने बछड़े से किया करतीं हैं




सीहोर (निप्र)। संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित नवाचार आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पाठशाला प्रेरक 108 मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज ससंघ श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित छावनी संत भवन में शीतकालीन वाचना प्रवास पर है।मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में प्रात: श्री जी के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर श्रद्धालु धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। तत्पश्चात धर्म सभा में मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज ने प्रवचन के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहां कि जो व्यक्ति संसार के सम्पूर्ण जीवों के प्रति सुखी स्वाध्याय की मंगल भावना करता है वह जीव ही तीर्थंकर बनने का सौभाग्य प्राप्त करता है। सौलह कारण भावनाओं से जीवों को तीर्थंकर बनने का सर्वोच्च पुण्य कर्म का आस्त्रव होता है । तीर्थंकर वह व्यक्तित्व के धनी हुआ करतें हैं। जो तीनोंलोकों को के स्वामीयो से प्रणम्य हुआ करतें हैं।यदि देखा जाए तो तों तीर्थंकर बनना कठिन भी नही है।जैसे मां अपने बालक की चिंता करती है उस का स्वास्थ ,भोजन, स्नानादि से सब प्रकार से देख भाल करके सुखी देखना चाहती है। वैसे ही हम संसार के सभी छोटे बड़े जीवों के प्रति सदभावना रखें तो हम भी तीर्थंकर बन सकते हैं। गुण और गुणियों के प्रति विनय नम्रता रखना विनय भावना है। अपनी शक्ति को न छिपाकर त्याग तपस्या करना त्याग तपस्या की भावना है। साधु जनों की विध्न बाधाओ को दूर करना साधु समाधी भावना है। उनकी सेवा करना वैया वृत्ति भावना है। धर्मात्मा के प्रति वैसा अनुराग रखना जैसा गोमाता अपने बछड़े से किया करतीं हैं ।

## मुख्यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के ऑनलाइन आवेदन अब 24 जनवरी तक

सीहोर (निप्र)। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए संचालित मुख्यमंत्री नि:शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन अब 24 जनवरी 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित 2024-25 में अध्ययनरत दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, मंदबुद्धि, अस्थिबाधित दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए एन.आई.सी. मध्यप्रदेश के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाने के लिए पूर्व में 12 नवंबर 2024 निर्धारित की गई थी। विभाग द्वारा जारी नये निर्देशों के अनुसार विद्यार्थी अब योजना का लाभ लेने के लिये 24 जनवरी 2025 तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

## मकर संक्रांति पर पतंगबाजी हमारी संस्कृति : विधायक राय



### मैदान पर उतरकर विधायक ने की पतंगबाजी

सीहोर (निप्र)। लिसा टॉकीज मैदान पर युवाओं और बच्चों के साथ विधायक सुदेश राय ने पतंग उड़ा कर मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लाह के साथ मनाया। पतंगबाजी के कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदेश राय ने बच्चों युवाओं को तिल गुड़ के लड्डू खिलाए तो वही उन्होंने मकर संक्रांति के बारे में विस्तार से भी बताया और चीनी पतंग मांझा से बचने की समझाइए भी बच्चों और युवाओं को दी। पतंगबाजी करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि मकर संक्रांति के पावन पर्व पर पतंगबाजी हमारी भारतीय परंपरा है। इससे किसी को कोई नुकसान नहीं होता है और आसमान भी रंग-बिरंगा हो जाता है।

## हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर बी.एस.आई रियलटर्स को अलग कंपनी बताकर बेच रहे हैं प्लाट

सीहोर (निप्र)। बंद पड़ी शुगर फैक्ट्री की प्रापर्टी को अवैध रूप से बेचा जा रहा है। हाईकोर्ट के आदेशो की अवहेलना कर बी.एस.आई रियलटर्स को अलग कंपनी बताकर भारी फर्जीबाड़ा किया जा रहा है। शासकीय अधिकारी और रजिस्टार भी इस मजदूर विरोधी कार्य में पूरा साथ दे रहे है। बी.एस.आई लिमिटेड प्रबंधक द्वारा शुगर फैक्ट्री को फरवरी 2002 से असंवैधानिक रूप से बंद कर दिया जिस कारण कम्पनी के लगभग 6 सौ श्रमिक परिवार बेरोजगार होकर भूखमरी की कगार पर है और इस बीच हमारे 60-70 श्रमिक पैसे के अभाव में मर गये है शासन प्रशासन मजदूरों का बकाया करोड़ों रूपये वेतन को दिलाने में सक्रियता नहीं दिखाता है लेकिन श्रमिको को बेघर करने के लिए नोटिस दे रहा है। जबकी शुगर फैक्ट्री प्रबंधन पर श्रमिकों को एक अरब सात करोड़ रूपये बकाया है।

**श्रमिकों मिलेगा वेतन उसी संपत्ति को बेच रहे**

बीएसआई श्रमिक संगठन अध्यक्ष जमील बहादुर महामंत्री जयमल सिंह राजपाल और राममोहन श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया की कंपनी की फामों की कृषि भूमि को शासन की घोषित कर दी है। शासकीय व न्यायालीन आदेशों के परिलपालन में श्रमिकों का लगभग सौ करोड़ से अधिक रूपए की लेनदारी बनती है। जो कंपनी की प्रापर्टी से ही वसूल किया जा सकता है और इस 150 एकड भूमि को सीलिंगमुक्त बताई जा रही है। उसी से सारी लेनदारियों वसूल होना है जिसे कंपनी फर्जीबाड़ा कर बेचा जा रहा है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 18 जनवरी को

सीहोर (निप्र)। जवाहर नवोदय विद्यालय सीहोर की चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा जिले के सभी विकास खंडों सहित कुल 10 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न कराई जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा में जिले के 3476 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ के एस बघेल ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा की दृष्टि से प्रत्येक विकासखंड में विकासखंड स्तर पर ही परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों ने परीक्षा देने के लिए अपना पंजीयन जिस विकासखंड से कराया है उनकी परीक्षा उसी विकासखंड के परीक्षा केन्द्र पर कराई जाएगी।

## चना इल्ली नियंत्रणः फेरोमेन व लाइट ट्रैप, जैविक कीटनाशकों का उपयोग करें

सीहोर (निप्र)। अभी चने की फसल कहीं 25-30 दिन, कहीं 40-50 दिन की हो रही है। लगातार अत्यधिक ठंड, कोहरा के कारण चने की इल्ली सहित मसूर, प्याज-लहसुन में रस चूसक कीटों का प्रकोप है।कृषि वैज्ञानिक के अनुसार निगरानी यौन आकर्षण जाल (सेक्स फेरोमेन ट्रेप) का प्रयोग कीट का प्रकोप बढ़ने से पहले चेतावनी के रूप में करते हैं जब नर कीटों की संख्या प्रति रात्रि प्रति ट्रैप में 4-5 तक पहुंचने लगे तो समझ लें कि कीट नियंत्रण जरूरी है। जब खेत में 1-1.5 इल्ली एक मीटर लम्बी कतार में या प्रति 10 पौधों में मिलने लगे तो तुरंत फसल सुरक्षा करें। कृषि वैज्ञानिक के अनुसार सस्य क्रियाओं द्वारा नियंत्रण प्रति वर्ष ग्रीष्मकालीन सामान्य जुताई एवं हर तीसरे वर्ष गहरी जुताई करें। चने की बुवाई समय पर करें व चने के साथ अन्तवर्तीय फसल में अलसी, सरसों व धनिया लगाएं। फसल में सिंचाई व रासायनिक खाद का उपयोग संतुलित मात्रा में करें। बुवाई के समय पोटाश खाद 20-25 किग्रा प्रति हैक्टेयर प्रयोग करें। यांत्रिक विधि. कई प्रकार के कीटभक्षी पक्षियों (मैना, गौरैया, कौआ, काली मोर) का प्रमुख भोजन इल्लियां होती हैं। ये पक्षी निरंतर फसलों से इल्ली खाते हैं।

## स्वास्थ्य विभाग ने ठंड एवं शीतलहर से बचाव के लिए नागरिकों को दी सलाह

सीहोर (निप्र)। राष्ट्रीय पर्यावरण परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शीत लहर से बचाव के संबंध में नागरिकों को सलाह दी है। लोगों को शीतलहर से बचाव के संबंध में बताया कि जनवरी में ठंड शीतलहर से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, बेघर व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीडित मरीजों एवं खुले में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यापारियों पर अधिक प्रभाव पडता है। ठंड एवं शीतलहर से नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू, नाक- कान से खून आना, हाथ की ऊंगलियों- कान- नाक अथवा पैर की ऊंगलियों में सफेदी या फीकापन, कपकपी आना, बोलने में कठिनाई, अधिक नींद आना, मांसपेसियों में अकडन, सांस लेने में तकलीफ, कमजोरी, हाईपोथरमिया/ अल्पताप जैसे लक्षण सामान्यत: पाये जाते हैं। उक्त लक्षण पाये जाने पर नागरिक तत्काल चिकित्सक की सलाह एवं नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार लेने, ऊनी कपडों को कई परतों में उपयोग करने की सलाह दी है। शीत लहर के संभावना के समय आवश्यक न हो तो यात्रा नहीं करें। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिये सामग्री की व्यवस्था पूर्व से रखे। फस्ट एड की व्यवस्था रखें। हाईपोथरमिया/ अल्पताप से बचाव के लिये गरम कपडे, कम्बल, टावेल व शीट का उपयोग करें। गरम तरल पेय पदार्थ का उपयोग करें। विटामिन सी युक्त फल एवं सब्जियों का पर्याप्त सेवन करें, ताकि रोग प्रतिरोध क्षमता एवं शरीर का तापमान संतुलित रहे। नागरिक हीटर, फायर पॉट, कोयला, अंगीठी का इस्तेमाल बंद कमरों में न करें। इससे कार्बन मोनोडाईऑक्साईड का खतरा होता है। मदिरा पान करने से बचे। हाईपाथरमिया, शीत लहर के कारण व्यक्ति यदि गंभीर हालत में हो तो गरम तरल पदार्थ नहीं दें।

## राष्ट्रीय कवि संगम एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वाधान में शहीद स्मारक पर काव्य व विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



सीहोर (निप्र)।356 सैनिक शहीद स्मारक स्थल पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय कवि संगम एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 356 सैनिक वीर बहादुर सरकार की पुण्य स्मृति में काव्य एवं विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतकार हरिओम दाऊ शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में ओमदीप राठौर, आनन्द गांधी, ब्रजमोहन सोनी उपस्थित रहे। सर्व प्रथम अतिथियों ने शहीद वीर सैनिकों के पुण्य स्थल पर पुष्प अर्पित किये। सरस्वती वन्दना युवा कवि लक्ष्मण चौकसे ने की। गोष्ठी का संचालन डॉ.विजेन्द्र जायसवाल ने किया। इस मौके पर ओमदीप राठौर ने वीर शहिदों को याद करते हुए कहा कि सीहोर के वीर शहिदों ने सीहोर को अंग्रेजों से स्वतंत्र कराकर पहली समानांतर सरकार सिपाही बहादुर की स्थापना की थी। क्रांतिकारी हवलदार महावीर कोठ के नेतृत्व में वलि शाह, सूबेदार रमजूलाल, आरिफ शाह, लक्ष्मण पाण्डे, रामप्रसाद, देवीदीन, शिव चरण जैसे क्रांतिकारियों ने सीहोर को अंग्रेजो से 6 माह के लिये आजाद करवा दिया था। आनन्द गांधी ने कहा कि सैकड़ो देशभक्त क्रांतिकारियों को बिना किसी नियमित जांच के 14 जनवरी 1858 को जनरल ह्यूरोज की अंग्रेज सैना ने सेनिकों को टुकडियों में खड़ाकर इनके सीनों को गोलियों से छलनी कर दिया था। इस विशाल नरसंहार में करीब 356 से अधिक वीर सैनिक शहीद हो गये। इस अवसर पर उपस्थित काव्यपाठ करने वालों में प्रमुख रूप से हरिओम दाऊ शर्मा, हीरालाल जायसवाल, डॉ.विजेन्द्र जायसवाल, लक्ष्मण चौकसे, गोविन्द लोवानिया, जितेन्द्र नरोलिया, प्रदीप चावड़ा, देवेन्द्र नामदेव, प्रदीप सिंह, याशिका सिंह आदि ने देश भक्ति की कविता का पाठ कर वीर शहिदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर काव्य गोष्ठी को ऊचाई प्रदान की । अंत में समिति अध्यक्ष लक्ष्मण चौकसे ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

## वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन, सीहोर द्वारा वसुंधरा स्मारिका विमोचन और दिव्यांगजन एवं समाजसेवकों का सम्मान समारोह आयोजित




सीहोर (निप्र)। वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन, सीहोर के तत्वावधान में वसुंधरा स्मारिका विमोचन और दिव्यांगजन एवं समाजसेवकों का सम्मान समारोह क्रिसेंट रिसोर्ट सीहोर आयोजित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ कथावाचक पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा,मुख्य अतिथि नारायान सिंह कुशवाह मंत्री सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मध्यप्रदेश शासन भोपाल, स्वागताध्यक्ष समाजसेवी अखिलेश राय संरक्षक वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन, अध्यक्षता समाजसेवी श्रीमती अरुणा सुदेश राय विधायक सीहोर म.प्र., विशिष्ट अतिथि डॉ राघवेंद्र शर्मा, प्रदेश कार्यालय मंत्री भाजपा म.प्र. पूर्व अध्यक्ष बाल अधिकार संरक्षण आयोग म.प्र. शासन.,विशिष्ट अतिथि सत्येन्द्र सिंह लोहिया (पद्म श्री) इंदौर म.प्र., विशिष्ट अतिथि मधुर विजयवर्गीय (समाजसेवी), महेश यादव उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग द्वारा सरस्वती जी पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया । वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्याँग विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई ।जिसमें पावन आतिथ्य अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक पं. पंडित प्रदीप मिश्रा ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए आशीर्वचन उद्बोधन में मानव सेवा सर्वोत्तम है और इसमें भी दिव्यांगों के लिए कार्य करना महानतम है दिव्यांगों द्वारा प्रस्तुति की सराहना की वसुंधरा अपने आदर्श कार्य द्वारा समाज में एक नया संदेश प्रस्तुत कर रही है जो की प्रशंसा योग्य है सतत निस्वार्थ भाव से जो मानव की सेवा की जा रही है वह अनुकरणीय हैं। मुख्यअतिथि मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कार्यक्रम में दिव्यांगजन एवं समाजसेवकों को उनकी असाधारण उपलब्धियों और योगदान को सराहा गया। वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन ने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में समानता, समर्पण और सेवा के भाव को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया है । पद्म श्री सत्येन्द्र सिंह लोहिया ने कहा कि जीवन में जो चला गया उसे सोचते नहीं है व्यक्ति शरीर से नहीं अपनी मन सोच से दिव्याँग होता हैं।

कुछ करने के लिए शरीर की ताकत नहीं मन सोच विश्वास और संकल्प होना चाहिए तो दिव्यांग व्यक्ति भी अपने जीवन में हर सफलता को हर ऊंचाइयों को हर सम्मान को प्राप्त कर सकता है दिव्यांग व्यक्ति को सहानुभूति नहीं उसे सम्मान प्रोत्साहन देने की जरूरत है। सभी आतिथ्यों की पावन उपस्थिति ने वसुंधरा स्मारिका का विमोचन कर दिव्यांगजनों एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में प्रतिभावान कपिल परमार, देवराज प्रजापति, आदित्य सिजारिआ, श्रीमति नेहा विजयवर्गीय, श्रीमति प्राची राजपूत सुबेदार,श्रीमति कुंजन झँवर,श्रीमति ज्योति अग्रवाल, सेवकराम भारती, डॉ बी. के चतुर्वेदी,डॉ.आशुतोष दीक्षित,डॉ. अनिल परमार,डॉ. गगन नामदेव ज्ञानसिंह मेवाड़ा, डॉ. गौरव ताम्रकार, डॉ शुभांशु वर्मा, बाबू भाई मिस्त्री, सौरभ गुप्ता, भारत गुप्ता, अंकित उपाध्याय, अतुल जैन, गीतेश राय, प्रवीण तिवारी, निशांक शर्मा, शुभम गुप्ता, गजराज सिंह वर्मा, डॉ आर. सी. जैन, संस्था सत्य की ओर सीहोर, कौशल किशोर, शंकर प्रजापति, सण्डे का सुकून समस्त टीम, राजू सोनी को सम्मान किया गया । इस अवसर पर संस्था पदाधिकारी शैलेन्द्र पवार, तरुण बियाणी, साधुराम शर्मा, हरीओम शर्मा, श्रीमति उमा पालीवाल, राहुल विजयवर्गीय, विनय भारती, श्रीमती संतोष विजयवर्गीय, शैलेन्द्र चंदेल सुनील राघुवंशी, प्रदीप साबू, रिसीराज शर्मा, अंजना राठौर, पिंकी मेवाड़ा, अंजली सराफ, लता मांझी,संतोष सूर्यवंशी, ज्योति मालवी, गजराज मेवाड़ा,भाविका कुशवाहा,दीपक विश्वकर्मा, अशोक सोनी, राधेश्याम मकवाना, तरुण श्रीवास्तव, चित्रांस सक्सेना,दीपिका मेवाडा, महेक राय, पूर्ति मीना, अलका सोलंकी, दीपक विश्वकर्मा, महेशान उमरे, अरुण राजोरिया, कमल मालवीय, सोना गुप्ता, भावना, राखी पटले, रानी रैकवार की उपस्थिति रही।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com